* ओड़िशा संस्करण

08 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 79

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
14 दिन शेष






### छापामारी के दौरान दो-दो जगहों पर इडी अधिकारियों पर हुआ जानलेवा हमला

# ममता की पुलिस ने इडी के खिलाफ ही केस दर्ज किया

- आपराधिक अतिक्रमण और एक महिला को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों पर जानलेवा हमला हुआ था। इस मामले में पुलिस की भूमिका कठघरे में है। पुलिस ने इडी अधिकारियों के खिलाफ ही एक एफआइआर दर्ज कर ली है। एफआइआर में जांच एजेंसी के अधिकारियों पर आपराधिक अतिक्रमण और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। दो अन्य प्राथमिकियां भी दर्ज की गयी हैं, लेकिन उनमें हमलावरों के किंगपिन का नाम नहीं है। वे प्राथमिकियांअज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गयी हैं। आपको बता दें कि शुक्रवार को रेड मारने गये जांच एजेंसी के अधिकारियों पर टीएमसी नेता के इशारे पर उनके समर्थकों ने जानलेवा हमला किया था। इडी की टीम राशन वितरण घोटाले की जांच सिलसिले में टीएमसी के जिला परिषद सदस्य शाहजहां शेख के घर की तलाशी लेने गयी थी। वहां शाहजहां के इशारे पर उनके समर्थकों ने इडी टीम पर जानलेवा हमला किया था।



**इडी ने शेख के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया**

इडी ने शनिवार को टीएमसी जिला परिषद सदस्य और पार्टी संयोजक शाहजहां शेख और उनके चार भाइयों के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया। सूत्रों ने कहा कि इडी ने इंटेलिजेंस ब्यूरो और सीमा सुरक्षा बल को सतर्क कर दिया है। इडी को शक है कि शेख और उनका परिवार पड़ोसी बांग्लादेश में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकता है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एक एफआइआर शेख के घर के केयरटेकर द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर दर्ज की गयी थी। दूसरी एफआइआर शुक्रवार को इडी की शिकायत के आधार पर और तीसरी स्वतः संज्ञान से दर्ज की गयी थी।

एक सूत्र ने कहा कि शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इडी के अधिकारियों ने बिना कोई तलाशी वारंट दिखाये और कानून का उल्लंघन करते हुए टीएमसी नेता के आवास में जबरन घुसने का प्रयास किया।

इडी अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 441 (आपराधिक अतिक्रमण), 379 (चोरी करने का इरादा) और 354 (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत दर्ज की गयी है। अधिकारियों ने कहा कि अन्य दो एफआइआर आइपीसी की धारा 147, 148, 149 (दंगा) और 353 (लोक सेवकों पर हमला) के तहत दर्ज की गयीं।

न्याजत पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी सुभाशीष प्रमाणिक ने कहा कि यह एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। मैं एफआइआर के बारे में कुछ नहीं कह सकता। वैसे भी फिलहाल मैं थाने के बाहर हूं। वहीं, सूत्रों ने कहा कि हालांकि पुलिस ने शुक्रवार के हमले के सिलसिले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है, लेकिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

इस बीच, शुक्रवार को हमले में घायल हुए इडी के दो अधिकारियों अंकुर गुप्ता और सोमनाथ दत्ता को कोलकाता के अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। तीसरे अधिकारी राजकुमार राम के सिर में चोट लगी थी और उन्हें हाइ डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। एक बयान में इडी ने कहा है कि अधिकारियों की एक टीम सुबह संदेशखाली में शेख के घर पहुंची। घर पर ताला लगा हुआ था और किसी ने कॉल का जवाब नहीं दिया। इडी ने आरोप लगाया कि उस समय शेख के मोबाइल लोकेशन से संकेत मिलता रहा था कि वह घर के अंदर था।

इडी टीम इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक बड़ी भीड़ वहां जमा हो गयी और टीम के साथ आये केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों को धक्का दे दिया। भीड़ ने अधिकारियों के वाहनों में तोड़फोड़ की और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। इडी ने कहा कि उसके तीन अधिकारी घायल हो गये और उनके निजी सामान और आधिकारिक सामान जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप और वॉलेट छीन लिये गये।

### राष्ट्रीय खादी-सरस महोत्सव 2023-24 का आगाज

# स्वदेशी व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत : हेमंत

- खादी हमारी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी होने का परिचायक
- गांव-देहात की स्वदेशी व्यवस्थाओं को हर हाल में आगे ले जाना है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि खादी सिर्फ एक पहनावा मात्र नहीं है। यह सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी होने का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कहीं। कहा कि हम सभी इस बात से भलीभांति वाकिफ हैं कि खादी के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जुड़ा है, जिन्होंने देश-दुनिया में खादी को अलग पहचान दी। ऐसे में हम सभी को खादी से जुड़ने की जरूरत है, ताकि हम अपनी पारंपरिक ग्रामीण और स्वदेशी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए आगे ले जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भौतिकवादी युग और तकनीक का जमाना है। मशीनों के साथ हम जी रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अपनी परंपरा, संस्कृति और सभ्यता को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। खादी एवं सरस महोत्सव का आयोजन इसी कड़ी का एक हिस्सा है, जिसके जरिये हम अपनी ग्रामीण-देसी पारंपरिक और पूर्वजों की व्यवस्था को संजोये हुए हैं और आज की पीढ़ी को उससे अवगत करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जमाना चाहे जितना आगे बढ़ जाये, लेकिन हमारे देश और राज्य में आज भी ग्रामीण व्यवस्था की अहमियत बरकरार है। खादी जैसा ग्राम उद्योग इसी का एक उदाहरण है। गांव-देहात की ऐसी व्यवस्थाओं को हमें हर हाल में आगे ले जाना है और इसके लिए इससे जुड़ी चुनौतियों निपटना होगा। यह सिर्फ सरकार के स्तर पर संभव नहीं है, इसके लिए हर व्यक्ति को पहल करनी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण और देसी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में सखी मंडलों से जुड़कर लाखों दीदियां तरह-तरह के उत्पाद बना रही हैं। इन उत्पादों में किसी भी प्रकार के केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता है। ये स्वदेशी उत्पाद हैं। सरकार इन दीदियों के उत्पादों को पलाश ब्रांड के माध्यम से बाजार उपलब्ध करा रही है, ताकि उनकी आजीविका के साधनों को और मजबूत कर सके। इसके लिए लोगों को भी इनकी द्वारा निर्मित उत्पादों से जुड़ना होगा।

**इनकी रही मौजूदगी :** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, सांसद संजय सेठ, महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, विनय कुमार चौबे, उद्योग विभाग के सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।



**रोटी-कपड़ा और मकान की हर किसी की जरूरत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत हमारे पूर्वजों को भी थी। हमें भी है और आने वाली पीढ़ी को भी रहेगी। इसके बिना हमारी जिंदगी आगे नहीं बढ़ सकती है। ऐसे में हर व्यक्ति तक इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार काम कर रही है।

## न्यूज रील्स

### मोदी के खिलाफ टिप्पणी करनेवाले तीनों मंत्री सस्पेंड

नयी दिल्ली। मालदीव सरकार ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करनेवाले मंत्रियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। सोशल मीडिया पर इनकी पोस्ट के लिए इन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। मालदीव सरकार ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार मंत्री मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले दिन में मालदीव सरकार की तरफ से बयान जारी किया गया था, जिसमें मंत्रियों के बयान से दूरी बनायी गयी थी। इसमें कहा गया था कि यह इन लोगों के निजी बयान हैं, जिसका सरकार से कुछ लेना-देना नहीं है।

### संसद रत्न के लिए चुने गये श्रीकांत शिंदे समेत पांच सांसद

नयी दिल्ली। भाजपा के सुकांत मजुमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा उन तीन अन्य सांसदों में शामिल हैं, जिन्हें 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में दिये जाने वाले पुरस्कारों के लिए चुना गया है।

### टीएमसी नेता सत्येन चौधरी को बदमाशों ने मारी गोली

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की दिन दहाड़े हत्या कर दी गयी। टीएमसी नेता सत्यन चौधरी पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी कर दी। वह मुर्शिदाबाद में पार्टी के महासचिव थे। उन्हें तुरंत मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय टीएमसी नेताओं के मुताबिक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ लोग आये थे और उन्होंने बेहद पास से चौधरी पर गोली चलायी। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सत्येन बहरामपुर के भाकुरी चौराहे पर अपने समर्थकों के साथ बैठे थे, तभी कुछ बाइक सवार लोगों ने उन्हें घेर कर गोली मार दी।

## बाबूलाल ने झारखंड में इडी पर जतायी हमले की आशंका

- गृह मंत्रालय से की नजर रखने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल की तरह झारखंड में भी इडी अधिकारियों पर हमले की आशंका जतायी है। सोशल मीडिया पर इसे साझा करते कहा है कि बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी इडी के लोगों पर भविष्य में हमला करवाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों के मुताबिक बीते 5 जनवरी को इस काम के लिए कुछ भाड़े के गुंडों को तैयार कर हवाई अड्डा के पीछे वाले इलाके में बुला कर रखा गया था।

बाबूलाल के मुताबिक यह सबों को मालूम है कि इससे पहले इडी के अफसरों को झूठे मुकदमों में फंसाने, असामाजिक तत्वों से धमकी दिलाने और कुछ महिलाओं को तैयार कर इडी अफसरों को फंसाने का षड्यंत्र जेल से ही रचा जा रहा था। इसका भांडा फूट जाने के कारण वह योजना विफल हो गयी थी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुरोध करते यह भी कहा है कि वे ऐसे षड्यंत्रकारियों पर कड़ी नजर रखे।



## कारगिल में आधी रात को गरजे लड़ाकू विमान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बीच आधी रात में पाकिस्तान और चीन दोनों को एक साथ चौंका दिया। दरअसल भारतीय वायु सेना के विमान हर्क्यूलीज 'सी-130जे' ने कारगिल हवाई पट्टी पर पहली बार रात में लैंडिंग की है। वायु सेना ने रविवार को इस उपलब्धि की जानकारी साझा की। कारगिल की यह हवाई पट्टी चारों ओर से पहड़ियों से घिरी है। ऐसे में यहां रात में लैंडिग एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और वायु सेना का नया कीर्तिमान माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि कारगिल में अपने इस मिशन के दौरान टेरेन मास्किंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

टेरेन मास्किंग वह रणनीति होती है, जिसके अंतर्गत वायु सेना के विमान दुश्मन देश या सेना के रडार को चकमा देकर अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं। भारतीय वायुसेना का यह मिशन एक ऐसे अभ्यास का हिस्सा है, जिसके तहत कमांडो को कठिन परिस्थितियों में अविलंब मोर्चे पर भेजा जा सकता है। अपनी इस उपलब्धि पर भारतीय वायु सेना का कहना है कि कारगिल हवाई पट्टी पर रात में विमान की लैंडिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का कार्य किया गया। इसके साथ ही वायुसेना ने कहा कि इस अभ्यास से गरुड़ कमांडो के प्रशिक्षण मिशन में भी मदद मिली।

### नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर परिसर और जन्मभूमि पथ का किया निरीक्षण

# राम मंदिर के भूतल का काम हुआ पूरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा है कि परकोटा से गर्भगृह तक पहुंचने का मार्ग अगले एक सप्ताह में तैयार हो जायेगा। जो कुछ काम बचेगा, उसे रात में किया पूरा जायेगा। समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो रहे राम मंदिर परिसर और जन्मभूमि पथ का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को पैदल चलने के दौरान धूप और बारिश में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए कैनोपी बनायी गयी है। इसका निरीक्षण कर इससे मिलनेवाली सुविधा को परखा गया। स्कैनर भी लग गया है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं के सामान की जांच की जायेगी। उन्होंने अंतिम सिक्योरिटी प्वाइंट का भी जायजा लिया। यहां से भक्त सीधे परकोटा पर जा सकेंगे। परकोटा से आगे 33 सीढ़ी चढ़ कर गज और सिंह द्वार पर पहुंचेंगे। यह बन कर तैयार हो गया है। इसके ऊपर हनुमान जी और गरुड़ जी की आशीर्वाद देती हुई प्रतिमा स्थापित हो गयी है। यहां से श्रद्धालु मंडप से गुजरते हुए भगवान के समक्ष गुड मंडप में खड़े हो सकेंगे। यहां की तैयारी अंतिम चरण में है। राम मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को हर सुविधा देने की कोशिश की जा रही है।



**रामकथा संग्रहालय में अस्थायी मीडिया सेंटर**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मीडिया कवरेज के लिए रामकथा संग्रहालय अयोध्या में अस्थायी मीडिया सेंटर की स्थापना की जायेगी। यह 20 से 22 जनवरी तक संचालित होगा। मीडिया सेंटर/प्रेस क्लब को भी अगले सप्ताह शुरू किया जायेगा। रामकथा संग्रहालय के मीडिया सेंटर में इंटरनेट और कंप्यूटर आदि की व्यवस्था होगी। उप निदेशक मुरलीधर सिंह ने बताया कि सुरक्षा समिति और एसपीजी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होने के बाद मीडिया कवरेज संबंधी अन्य बिंदुओं की जानकारी दी जायेगी। मीडिया संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7080510637 पर संपर्क कर सकते हैं।



189200 Subscribers | VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+ | 12 Crore + Watch Time (min) | YouTube Channel | Subscribe NOW



# पश्चिम बंगाल में दिख ही गया असली जंगल राज

## इडी टीम पर हमले ने खोल कर रख दी ममता सरकार की अकर्मण्यता की पोल

## 'भद्र प्रदेश' पर लग गया संवैधानिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का कलंक

आजाद सिपाही विशेष

**देश की सांस्कृतिक राजधानी और 'भद्र प्रदेश' के रूप में पूरी दुनिया में चर्चित पश्चिम बंगाल के माथे पर यहां की सरकार ने एक ऐसा कलंक लगा दिया है, जिससे छुटकारा पाना कठिन है। राज्य में हुए राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में छापामारी करने गयी इडी की टीम पर लगातार दो दिनों तक जिस तरह हमले हुए और भीड़ के सहारे छापामारी में बाधा डाल कर भ्रष्टाचार पर परदा डालने की कोशिश की गयी, उससे साफ हो गया कि ममता बनर्जी की सरकार में संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो चुकी है। सुशिक्षित और सुसंस्कृत बंगाल आज गुंडों-मवालियों के हाथों कराह रहा है और राज्य सरकार के संरक्षण में यहां 'जंगल राज' का माहौल बन गया है। इडी की टीम पर जिस तरह सुनियोजित साजिश के तहत हमला किया गया, उससे यह भी पता चलता है कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में पुलिस-प्रशासन का किस कदर राजनीतिकरण हो गया है। इडी की टीम टीएमसी नेताओं के यहां छापामारी करने गयी थी और लगातार दो दिनों तक उस पर जानलेवा हमले किये गये, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इडी अधिकारियों के खिलाफ ही प्राथमिकी दर्ज कर ली है, जबकि ये अधिकारी संवैधानिक प्रावधानों के तहत अपना काम कर रहे थे। पश्चिम बंगाल में हुई इन घटनाओं ने देश की संवैधानिक संस्थाओं के काम करने की संभावनाओं पर कुठाराघात किया है, इन हमलों से संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंची है, जिसका खामियाजा अंततः पश्चिम बंगाल को ही भुगतना होगा। क्या है इडी टीम पर हुए हमलों का सच और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल में इडी की टीम पर लगातार दो दिन हुए हमलों ने साफ कर दिया है कि राज्य में संवैधानिक व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाये रखने में पूरी तरह विफल है और राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई भी कार्रवाई असंभव हो गयी है। दरअसल, राज्य में हुए 20 हजार करोड़ के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में आरोपियों के खिलाफ छापामारी करने और उन्हें गिरफ्तार करने गयी इडी की टीम पर हमले किये गये। इन हमलों के बाद राज्य की पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय इडी टीम के अधिकारियों के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद से ही सियासत गरम हो गयी है।

### क्या हुआ पश्चिम बंगाल में

शनिवार को लगातार दूसरे दिन इडी की टीम पर हमला किया गया। हमला करने वालों ने इडी अधिकारियों पर पथराव किया और वाहनों में तोड़फोड़ भी की। इससे पहले शुक्रवार को कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में इडी टीम पर जानलेवा हमला किया गया था। दूसरे दिन हमला उसी जिले के बनगांव इलाके में किया गया। टीम पर यह हमला शुक्रवार देर रात राशन घोटाले में गिरफ्तार कर ले जाये जा रहे तृणमूल नेता शंकर आढ्या के समर्थकों ने किया। शंकर आढ्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन भी हैं। भारी संख्या में जमा हुए उनके समर्थकों ने अधिकारियों पर पत्थर फेंके और वाहनों को तोड़ दिया। समर्थकों ने महिलाओं को आगे रख इस घटना को अंजाम दिया। इन सबके बावजूद इडी तृणमूल नेता को अपने साथ ले जाने में सफल रही। दूसरी तरफ संदेशखाली की घटना में फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके परिवारवालों के खिलाफ इडी की ओर से लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शाहजहां के बांग्लादेश भागने की कोशिश करने का अनुमान है। इसे देखते हुए इडी ने बीएसएफ को सतर्क किया है। तृणमूल नेताओं के खिलाफ वित्तीय घोटालों को लेकर जो मुकदमे चल रहे हैं, उनमें आनेवाला कानूनी खर्च मुख्य रूप से शाहजहां शेख वहन करता था।

### डीजीपी और एसपी को इमेल करके शिकायत की

संदेशखाली की घटना पर इडी ने कहा कि तृणमूल नेता के उकसावे पर हत्या के इरादे से उसके अधिकारियों पर हमला किया गया। इडी ने हमले के वीडियो फुटेज के साथ डीजीपी और एसपी को इ-मेल करके शिकायत की है। इन घटनाओं के बाद कोलकाता में इडी कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इडी ने दावा किया है कि संदेशखाली की तरह बनगांव में भी साजिश के तहत इडी टीम पर हमला किया गया। अगर केंद्रीय बल के जवान सतर्क नहीं रहते, तो उसके अधिकारी फिर जानलेवा हमले का शिकार होते। पुलिस ने संदेशखाली कांड में तीन एफआइआर दर्ज की है। इस घटना में अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। दूसरी ओर शाहजहां शेख के केयरटेकर की ओर से इडी के खिलाफ थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। शिकायत में कहा गया है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने बिना वारंट के तलाशी अभियान चलाया था।



### क्या है राशन घोटाला और 20 हजार करोड़ की लेनदेन

पश्चिम बंगाल का राशन घोटाला करीब 20 हजार करोड़ रुपये का है। इडी ने दावा किया है कि गिरफ्तार तृणमूल नेता शंकर आढ्या ने विदेश में कम से कम 20 हजार करोड़ रुपये की लेनदेन की थी। कुल 90 फोरेक्स कंपनियों के जरिये ये लेन-देन हुई हैं। उनमें से नौ से 10 हजार करोड़ रुपये राशन घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के हो सकते हैं। ये रुपये दुबई भेजे गये थे।

राशन वितरण घोटाले में अभी तक एक मिल मालिक बकीबुर रहमान और मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले भी इस घोटाले में कई बार छापामारी हो चुकी है। शंकर आढ्या और शाहजहां शेख मंत्री ज्योतिप्रिय के करीबी हैं। इडी ने इस घोटाले में 12 दिसंबर 2023 को पहली चार्जशीट दायर की थी, जो कि बकीबुर रहमान, एनपीजी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, ज्योतिप्रिय मल्लिक और अन्य के खिलाफ थी। इडी ने जांच में खुलासा किया था कि पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बांटे जानेवाले राशन का करीब 30 फीसदी राशन खुले बाजार में बेच दिया गया। इडी के मुताबिक राशन को बेचने से जो पैसा आया, उसे मिल के मालिकों और पीडीएस वितरकों के बीच बांट दिया गया। ये सारा खेल कुछ सहकारी समितियों की मिलीभगत से हुआ था। इसके अलावा ये भी सामने आया था कि घोटाले को अंजाम देने के लिए इसके लिए चावल की मिलों के मालिकों ने किसानों के फर्जी खाते खोले और उनके अनाज के बदले उन्हें दिया जानेवाला तय न्यूनतम समर्थन मूल्य का पैसा अपनी जेबों में भर लिया, जबकि सरकारी एजेंसियां अनाज को सीधे किसानों से खरीदनेवाली थीं।

### जांच में हुए थे अहम खुलासे

इडी की जांच में बकीबुर रहमान की तीन शेल कंपनियों का पता चला था, जिसमें डमी डायरेक्टर थे, जिनके जरिये राशन की खरीद-फरोख्त हो रही थी। इन तीन कंपनियों में अवैध तरीके से 20 करोड़ से ज्यादा रुपये आये। यह रकम ज्यादातर नगद में आयी थी। बकीबुर रहमान ने बताया था कि इन कंपनियों का पैसा लोन के रूप में मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को जा रहा है और वह इसके लाभार्थी हैं, क्योंकि लोन वापस नहीं लिया गया। इस संबंध में आगे की जांच से पता चलता है कि तीन कंपनियों के पहले निदेशक और शेयरधारक ज्योतिप्रिय मल्लिक की पत्नी मनिदीपा मल्लिक और उनकी बेटी प्रियदर्शिनी मल्लिक थीं। इडी को जांच में पता चला था कि इन कंपनियों में बोगस शेयर प्रीमियम और अनाज के व्यापार से मिले फायदे के नाम पर पैसा जमा किया गया।

### ध्वस्त हो गयी है बंगाल की कानून-व्यवस्था

दरअसल, ममता बनर्जी की सरकार के गठन के बाद से ही पश्चिम बंगाल में हिंसा की, व्यापक और सामूहिक हिंसा की असंख्य घटनाएं घट चुकी हैं। इडी की टीम पर हुए हमले लगातार खराब हो रही विधि-व्यवस्था का उदाहरण मात्र हैं। राज्य में हाल के दिनों में हुई हिंसक वारदातों को ममता बनर्जी ने बाहरी लोगों द्वारा की गयी हिंसा करार देकर उसका राजनीतिक औचित्य जताने की कोशिश की थी। इसलिए पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था अब बहस-परिहास का विषय नहीं, बल्कि विद्रूपता का आख्यान है। वहां हिंसा को रोजमर्रा की सामान्य बात बना दिया गया है। कलकत्ता हाइकोर्ट ने इस तरह की घटनाओं पर गंभीर चिंता जतायी है, लेकिन ममता बनर्जी को इससे कोई मतलब ही नहीं है। उलटे उनके पार्टी के प्रवक्ता न्यायाधीश को नसीहत दे रहे हैं कि वह राजनीति में आ जायें। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि राज्य सरकार की गंभीरता और हिंसा के प्रति उसका दृष्टिकोण क्या है।

दरअसल, ममता बनर्जी 2014 के बाद से ही लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने केंद्र के हर फैसले का विरोध ही नहीं किया है, बल्कि कई फैसलों को तो लागू करने से भी इनकार कर दिया था। कोरोना काल में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में रात को कर्फ्यू लागू करने के केंद्र के आदेश को लागू करने से इनकार कर दिया था। जब प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के समय देश के नागरिकों से रविवार को कर्फ्यू लगाने की अपील की, तो ममता बनर्जी ने उसी रविवार को स्कूलों में चावल और आलू बांटने का निर्देश जारी कर दिया। राज्यपाल का, केंद्र का, संविधान का, संघीय ढांचे का अपमान करने का प्रयास, एक भ्रष्ट अधिकारी के पक्ष में धरने पर बैठने का मामला और अब इडी टीम पर हमले के जरिये साफ हो गया है कि ममता बनर्जी ने अराजकता को ही अपनी राजनीतिक शैली बना रखी है।

यह विडंबना नहीं, विद्रूपता है और यह वही फसल है, जो बोयी गयी थी। राजनीतिक तौर पर खुद ममता बनर्जी नंदीग्राम की हिंसा की रक्तसिंचित राजनीति की उपज हैं, जिसके बाद उन्हें कम्युनिस्टों की हिंसा मशीनरी, कम्युनिस्ट पार्टियों का वोट बैंक और कम्युनिस्ट पार्टियों के तौर-तरीके सहज हस्तांतरित हो गये थे। ममता बनर्जी ने इसी अराजकता को अपनी राजनीति का तरीका बना रखा है। लेकिन यह अधिक दिनों तक नहीं चल सकता।

प्रश्न यह है कि ममता बनर्जी लगातार जिस राजनीतिक ढीठता का प्रदर्शन करती आ रही हैं, उसका खामियाजा प्रदेश की जनता को क्यों भुगतना चाहिए? ममता सरकार की कारगुजारियां ऐसी हैं कि गत वर्ष बीरभूम जिले में हिंसा को लेकर ही राज्य में अनुच्छेद 355 के प्रयोग की आवश्यकता पर बहस चल गयी थी। अगर कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारातीत है और राज्य सरकार उसके प्रति अनिच्छुक है, तो वह नागरिकों के लिए आंतरिक सुरक्षा का प्रश्न है। जब राज्य सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा नहीं दे सकती, जब राज्य सरकार खुद दंगाइयों की तरह व्यवहार करती हो, जब राज्य में प्रशासन और पुलिस अपनी मौलिक जिम्मेदारी भूल चुके हों, उस राज्य की जनता को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। भले ही राजनीतिक और संवैधानिक तौर पर केंद्र सरकार की हस्तक्षेप करने की मर्यादा हो, लेकिन इसका कोई ना कोई समाधान तो निकालना होगा। आखिर इस सरकार की कारगुजारियों के खिलाफ आवाज उठानेवाले कब तक हिंसा की भेंट चढ़ते रहेंगे।

# 22 जनवरी को घर-घर जलेगी राम ज्योति

**अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पौराणिक स्थलों पर जलेंगे दीपक**



**22 जनवरी** को अयोध्या में नव निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। देश भर में इस दिन को लेकर लोग अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। वहीं, योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस ली है।

अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में 14 जनवरी से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होने जा रहा है, जिनमें रामकथा, रामलीला, शास्त्रीय संगीत की पूरी श्रृंखला शामिल है। इन कार्यक्रमों के साथ ही 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाये जाने की भी योजना है, जिसमें प्रदेशवासी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और इसे एक पर्व की तरह मनायें, इसके प्रयास किये जा रहे हैं।

हालांकि यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में होनेवाले दीपोत्सव से बिल्कुल अलग होगा। इसमें सरयू के तट पर दीप नहीं जलाये जायेंगे, बल्कि प्रदेश के सभी पौराणिक स्थलों के साथ हर घर में दीप जलाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जायेगा। इसमें दीया और तेल सब कुछ प्रदेशवासियों का होगा, जो भगवान राम के प्रति उनकी अगाध आस्था को प्रदर्शित करेगा। पीएम मोदी ने इस दीपोत्सव की लौ को 'राम ज्योति'का नाम दिया था और अब इसी राम ज्योति को प्रदेश के हर घर में प्रज्ज्वलित करने के लिए योगी सरकार ने संकल्प लिया है।

**प्रदेशवासियों से की जा रही अपील :** लखनऊ के पर्यटन भवन में आयोजित वार्ता में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जायेगा। उत्तरप्रदेश में भी लोगों को दीपोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों पर दीपोत्सव का आयोजन हो।

लोगों को भी अपने घर पर दीप जलाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दीपावली से पहले होनेवाले दीपोत्सव कार्यक्रम जैसा नहीं होगा, बल्कि उससे भी वृहद होगा। इसको पर्व की तरह हर घर में मनाया जायेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग सभी प्रदेशवासियों से अपने घरों में दीप के माध्यम से 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित करने की अपील कर रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है और हमें उम्मीद है कि हमारी उम्मीद से भी ज्यादा लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**70 दिन में चार से पांच हजार कलाकार देंगे प्रस्तुतियां :** प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि अयोध्या में 14 जनवरी से शुरू हो रहे तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे देश से कलाकारों को बुलाया गया है। शास्त्रीय संगीत, गायन, वादन समेत अन्य विधाओं से जुड़े कलाकार लगातार 70 दिनों तक अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगें।

इस दौरान कम से कम चार हजार से पांच हजार कलाकार अयोध्या में रहेंगे, जिनके रहने के लिए कला ग्राम की स्थापना की जा रही है। पूरे प्रदेश में इन कार्यक्रमों के लिए सरकार की ओर से अनुपूरक बजट में 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।


# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा बायकाट मालदीव

**पीएम मोदी के लक्षद्वीप जाने पर मालदीव के नेता ने कहा था- भारत हमारी बराबरी नहीं कर सकता**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप का दौरा किया। उनका यह दौरा भारत समेत दुनिया के कई देशों में ट्रेंड कर रहा है। यह बात मालदीव को रास नहीं आ रही, क्योंकि खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप, मालदीव को टक्कर देता नजर आ रहा है। इस बीच वहां की एक मंत्री ने भारत और पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी की है।

इसके बाद सोशल मीडिया पर बायकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। दरअसल, पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपये खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जायें।

इस बात से नाराज मालदीव की सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) की मंत्री




मरियम शिउना और नेता जाहिद रमीज ने भारतीयों का मजाक उड़ाया। इस पर मालदीव सरकार ने सफाई दी। सरकार ने कहा- यह कमेंट्स पर्सनल हैं और मालदीव सरकार का नजरिया नहीं है। पीएम ने लक्षद्वीप विजिट की फोटो शेयर की थीं। इस तस्वीर के साथ लिखा था- जो लोग अपने अंदर साहस बटोरना चाहते हैं, उनकी लिस्ट में लक्षद्वीप जरूर होना चाहिए।

**मालदीव की मंत्री ने पीएम मोदी को आपत्तिजनक शब्द कहे :** मंत्री मरियम शिउना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए पीएम मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं, नेता जाहिद रमीज ने लिखा कि भारत सर्विस के मामले में हमसे कम्पीट नहीं कर सकता। मरियम यूथ एम्पावरमेंट, इन्फॉर्मेशन एंड आर्ट की डिप्टी मिनिस्टर हैं।

उनके इस पोस्ट पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- मंत्री मरियम शिउना ने गलत शब्द कहे हैं। ये बात मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि को खतरे में डाल सकती है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार को ऐसी टिप्पणियों से दूरी बनानी चाहिए।

मालदीव के नेता ने लिखा- वहां सफाई नहीं, कमरों से बदबू आती है

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पीएम मोदी का लक्षद्वीप वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा- बढ़िया कदम है! यह मालदीव की नयी सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, जो चीन की कठपुतली है। इस दौरे के बाद लक्षद्वीप में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस जवाब में पीपीएम के नेता जाहिद रमीज ने लिखा- बेशक यह अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता है। मालदीव पर्यटकों को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पायेंगे, जितनी हम रखते हैं। उनके कमरों में आने वाली बदबू टूरिस्टों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत होगी।

नेता जाहिद रमीज के पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर भारतीयों और मालदीव के नागरिकों के बीच जंग छिड़ गयी है। भारत के लोगों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि देश में बायकाट मालदीव ट्रेंड कर रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 20.2 °c | 12.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



# धनबाद में नये एसएसपी का दिखा असर, कोल माफियाओं में हड़कंप

- हजारों टन कोयला जब्त, कई थानों के प्रभारी नपे
- रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ी, पुलिस की कार्यशैली में दिखने लगा असर





सुनील भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर बरवा में बंद पड़े कोयला भट्ठे में छापेमारी कर पुलिस ने जो 100 टन अवैध कोयला बरामद किया है, वह तो अभी झांकी मात्र है। धनबाद के नये एसएसपी एचपी जनार्दनन के आते ही धनबाद में कोयला तस्करों का साम्राज्य हिलने लगा है। पहले भी धनबाद के डीसी लगातार कोयला तस्करों पर नकेल कसने की कोशिश करते थे, लेकिन पूर्व में पुलिस का साथ नहीं मिलने से कोयला तस्करों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती थी। अब नये एसएसपी के आने के साथ ही इन तस्करों के खिलाफ कार्रवाई ने रफ्तार पकड़ी है। कोयले के अवैध कारोबार पर ब्रेक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त के आदेश पर एसडीएम के नेतृत्व में लगातार छापामारी की जा रही है और उसमें नये एसएसपी एचपी जनार्दनन का पूरा साथ मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धनबाद में पद संभालते ही नये एसएसपी ने थाना प्रभारियों के खिलाफ बैठक की थी। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि किसी भी हाल में कोयले का अवैध कारोबार नहीं चलना चाहिए। जो भी इसे अंजाम दे रहा है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। बता दें कि तेतुलमारी थाना अंतर्गत छापेमारी के दौरान कई हजार टन अवैध कोयला बरामद किया गया। झरिया में भी छापेमारी कर 30 हजार टन अवैध कोयला बरामद किया गया। इसके अलावे पुलिस उपाधीक्षक ने रात्रि में गस्ती चेकिंग के क्रम में पाया कि बरवाअड्डा, गोविंदपुर, निरसा, मैंथन ओपी के कुछ पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। जांच के क्रम में यह प्रमाणित होते ही पुअनि विकास यादव, प्रभारी मैथन को तत्काल प्रभाव से पुलिस केंद्र धनबाद वापस भेजा गया। निरसा थाना के पुअनि प्रमोद कुमार राय, सरताज खान, संजय कुमार और रमेश यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया। इसके अतिरिक्त गुप्त सूचना मिली कि कुछ व्यक्तियों द्वारा कोयले का अवैध खनन तथा व्यापार किया जा रहा है। उसके सत्यापन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। सत्यापन करने पर उपरोक्त स्थल से अवैध कोयला एवं ट्रक बरामद किया गया है। इसके आरोप में तेतुलमारी के थाना प्रभारी पुअनि रोशन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया। नये एसएसपी एचपी जनार्दनन के आने से अवैध कोल माफियाओं में हड़कंप मच गया है। एसएसपी का साफ कहना है कि किसी को भी बक्शा नहीं जायेगा। मामले की जांच-पड़ताल कर पुलिस कोल माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। बता दें कि धनबाद में कोयला तस्करी बेधड़क जारी थी। शिकायत मिलने के बावजूद कोयला तस्करों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती थी, उलटे शिकायतकर्ता को भी धमकी मिलने लगती थी। नये एसएसपी के आने के बाद धनबाद पुलिस की स्थिति बदली है और पुलिसिया कार्रवाई का असर अब दिखने लगा है। रात्रि में पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गयी है। जगह-जगह अवैध वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो लांच

## 2 से 5 फरवरी के बीच झारखंड में पहुंचेगी यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत मणिपुर से 14 जनवरी को होगी। इस यात्रा के झारखंड में 2 से 5 फरवरी तक पहुंचने की संभावना है। राज्य में हर चार से पांच किलोमीटर पर मंत्री और विधायकों को यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। झारखंड में यह यात्रा दो बार होकर गुजरेगी। इस यात्रा को लेकर झारखंड कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने यह जानकारी दी। इस मौके पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो भी लांच किया गया।



### देश में बदल गयी है लोकतंत्र की परिभाषा: राजेश ठाकुर

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र की क्या हालत है, किसी से छिपा हुआ नहीं है। राज्य सरकार चाहती है कि जनता तक योजना पहुंचे, लेकिन राज्य सरकार को लगातार परेशान किया जा रहा है। इससे पहले भी जब हम लोगों ने यात्रा निकाली थी, तो हमें परेशान किया गया। इसलिए हमें अब न्याय की जरूरत है और इसी को देखते हुए राहुल गांधी ने सबसे अधिक समय झारखंड को दिया है। उन्होंने पीएम पर तंज कसते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री फोटो शूट में लगे हुए हैं। जब हम अपनी बातें रखनी चाहते हैं तो हमारे सदन के सदस्यों को बाहर कर दिया जाता है। पीएम भी मणिपुर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें।

### सामाजिक न्याय के लिए है न्याय यात्रा: आलमगीर

ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि 14 जनवरी से शुरू होनेवाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत हो रही है। यह यात्रा झारखंड में दो बार गुजरेगी। राज्य के लोग इस यात्रा में शामिल होने के लिए व्याकुल हैं। यह यात्रा 2024 चुनाव के लिए निर्णायक होगी। इस यात्रा में सामाजिक न्याय की बात होगी।

धनबाद में बाबूलाल की प्रेस कांफ्रेंस, लगाया बड़ा आरोप

# सरफराज अहमद के इस्तीफे में हुई है बहुत लंबी डील : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नये एसएसपी के आने के बाद से जिले के अवैध कोयले कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई हो रही है। अच्छी बात है पर जिन पर होनी चाहिए उन्हें तो प्रमोशन देकर दुमका भेज दिया गया। सूबे के मुखिया ही लुटेरों के संरक्षक हैं, तभी तो कई भ्रष्ट अफसरों पर एफआइआर के लिए इडी ने लिख कर दिया है। उक्त बातें परिसदन में रविवार को पत्रकारों से मुखातिब झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहीं। देवघर जाने के क्रम में वे यहां थोड़ी देर के लिए आये थे। यहां उनका स्वागत महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, संजय झा, मानस प्रसून, रमेश राही इत्यादि ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आने की चर्चाओं पर विराम लगाते हुए बाबूलाल ने कहा कि इसकी कोई जानकारी फिलहाल नहीं है। जब ऐसी कोई सूचना होगी तो आप सभों को पहले बतायेंगे। वहीं गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे पर कहा कि बहुत लंबी डील है। कहा कि उनके इस्तीफे के बाद से अनाधिकृत रूप से चर्चा यह है कि राज्यसभा सीट और 200 करोड़ की डील हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी समझ आ गया है कि, वे अब जेल जाने वाले हैं। इसलिए लालू प्रसाद की तरह जेल जाने से पहले वे अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। इसके अलावे उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी की ओर से पूरी तैयारी है।

# रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम बने कृष्ण कांत मिश्रा

**रांची (आजाद सिपाही)।** सब जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी कृष्ण कांत मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का नया चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य के अलग-अलग 18 सिविल कोर्ट में भी सीजेएम की नियुक्ति की गयी है। राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

### 18 जिलों में नये सीजेएम

- कृष्ण कांत मिश्रा- रांची सीजेएम
- मनोरंजन कुमार 1- खूंटी सीजेएम
- आरती माला- धनबाद सीजेएम
- मनोरंजन कुमार 2- गुमला सीजेएम
- प्रताप चंद्रा- कोडरमा सीजेएम
- आनंद सिंह- डालटनगंज सीजेएम
- कुमार विपुल- गढ़वा सीजेएम
- मनोज कुमार राम- रामगढ़ सीजेएम
- कविताजंलि टोप्पो- सरायकेला खरसावां सीजेएम
- सौरव कुमार गौतम- गिरिडीह सीजेएम
- मनीष कुमार सिंह- सिमडेगा सीजेएम
- सिंधु नाथ लाम्य- हजारीबाग सीजेएम
- चंद्र भानू कुमार- जमशेदपुर सीजेएम
- मनोज कुमार प्रजापति- देवघर सीजेएम
- शिल्पा मूर्मू- पाकुड़ सीजेएम
- विश्वनाथ भगत- दुमका सीजेएम
- धर्मेंद्र कुमार- साहिबगंज सीजेएम

# सीआइडी ने बिहार से साइबर ठग को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग के साइबर क्राइम थाना ने क्रिप्टो करेंसी के जरिये निवेश कर अधिक पैसे कमाने का लालच देकर घोटाला करनेवाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की को सीआइडी ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल, दो सिम कार्ड, चार चेक बुक, एक पासबुक, एक वाइ-फाइ राउटर बरामद किया गया है। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने रविवार को बताया कि आरोपित शशि शंकर कुमार और इसके अन्य सहयोगियों ने झारखंड के कई शहरों जैसे रांची, बोकारो, जमशेदपुर और अन्य जगहों पर बड़े-बड़े कई आयोजन स्थल जैसे होटलों और अन्य स्थानों पर ओआरओपीएवाइ कंपनी से संबंधित अनेकों कार्यक्रम किये, जिसमें लोगों को मुफ्त में भोजन और जलपान की व्यवस्था देते हुए अपने प्रभाव को स्थापित करने के लिए भारतीय मुद्रा के फर्जी नोटों की गड्डियों को फाड़ कर संदेश देने का प्रयास किया कि भविष्य क्रिप्टो करेंसी का है। लोगों के बढ़ते निवेश को देखते हुए आरोपित शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की और अन्य सहयोगी ने फर्जी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ओआरओपीवाइ डॉट आइओ को एक दिन बंद करते हुए निवेशकों को भारी चपत लगायी। जब वेबसाइट बंद हो गयी, तब इन लोगो ने अलग होकर अपने संपर्क को कम किया, लेकिन इस तरह की अन्य वेबसाइट के माध्यम से अपने ठगी के व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहे। इससे संबंधित सभी मीटिंग जूम एप के माध्यम से वर्चुअल साइबर स्पेस में होती थी। आरोपित और इनके अन्य साथियों के साथ कमीशन के पैसे की आमदनी से तीन बार दुबई और एक बार रूस की यात्रा की।



### एक महीने में 468 साइबर ठग गिरफ्तार

रांची। प्रतिबिंब पोर्टल साइबर अपराधियों के खिलाफ जबरदस्त काम कर रहा है। प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से झारखंड में पिछले एक महीने के दौरान 468 साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। 1635 सिम कार्ड बरामद किये गये। इसके अलावा 1107 मोबाइल फोन भी जब्त किये गये। मामले में राज्य में 99 एफआईआर किये गये हैं। प्रतिबिंब पोर्टल के जरिये 132 सिम कार्ड को सीज किया गया है। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार साइबर अपराधी सबसे अधिक देवघर जिले में 200 गिरफ्तार हुए हैं। इसके अलावा धनबाद में 10, गिरिडीह में 114, हजारीबाग में 37, पूर्वी सिंहभूम में चार, जामताड़ा में 70, पाकुड़ में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। पायलट प्रोजेक्ट के दौरान ही इस पोर्टल की मदद से झारखंड में एक महीने में 468 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप झारखंड इलाके से होने वाले साइबर अपराध में एक महीने के भीतर ही 20 फीसदी से अधिक की गिरावट आयी है। दिसंबर के पहले हफ्ते में झारखंड से कुल 31,228 साइबर अपराध रिपोर्ट हुए थे, जबकि 28 दिसंबर से तीन जनवरी के सप्ताह में कुल 24,264 साइबर अपराध ही रिपोर्ट हुए।

# पिछड़ों का आरक्षण तय किये बिना निकाय चुनाव कराना असंवैधानिक : राजेंद्र प्रसाद

- रैली को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण और रांची में सदानों की रैली करने को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को हुई। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार की इच्छाशक्ति हो, तो एक महीना में सर्वेक्षण करा कर पिछड़ों का नगर निकाय में आरक्षण तय करना संभव है। सरकार को ट्रिपल टेस्ट करने के लिए बहुत समय मिला, लेकिन इस दिशा में सरकार ने गंभीरता नहीं दिखायी। श्री प्रसाद ने कहा कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ों के सर्वेक्षण के लिए सरकार की ओर से जिला प्रशासन को सर्वेक्षण कर सरकार को रिपोर्ट देने को कहा गया था। उसी के आधार पर सभी उपायुक्तों से रिपोर्ट सरकार मंगा सकती है, इसके लिए सिर्फ सरकार की इच्छाशक्ति और पिछड़ों के प्रति इमानदार सोच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट करने का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने दिया है, ऐसे में यदि पिछड़ों को आरक्षण दिये बिना नगर निकाय का चुनाव कराया जाता है, तो यह असंवैधानिक होगा। क्षीतिश कुमार राय ने कहा कि पिछड़े और सदान ही सरकार का भविष्य तय करते हैं। इस बात का ख्याल सरकार और सभी दलों को रखना चाहिए। प्रोफेसर अरविंद कुमार ने कहा कि रांची में सदानों की ऐतिहासिक रैली हो, यह मोर्चा के लोगों से तय करने का आग्रह किया। रैली की तारीख तय करने के लिए एक बड़ी बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अमर कुमार यादव, नीरज कुमार, विशाल साहू, अजीत विश्वकर्मा, निसार खान, रामप्रताप साहू, मुरारी गुप्ता, अरविंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेला : अंतिम दिन भी दिखा किताबों का क्रेज

- 10 दिनों में करीब 40-42 हजार किताबें बिकीं
- 50,000 पुस्तक प्रेमी आये पुस्तक मेले में
- युवाओं का रुझान दिखा किताबों में




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समय इंडिया नयी दिल्ली की ओर से लगे 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला के विभिन्न स्टॉलों पर पुस्तक प्रेमियों का अच्छी-खासी भीड़ दिखी। यहां से वहां तक पसरी बेइंतहा पुस्तकों से 50 हजार पुस्तक प्रेमियों ने मुलाकात की। इनमें सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की रही। अक्सर यह कहा जाता है कि युवाओं में किताबों के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन रांची के इस पुस्तक मेले ने यह मिथक तोड़ दिया। यहां युवा पुस्तक प्रेमी भारी तादाद में आये और अपनी पसंद की पुस्तकें खरीदी भी। इससे साबित होता है कि किताबों का क्रेज आज ही बरकरार है। रविवार को पुस्तक प्रेमी स्टॉल्स पर अपनी पसंद की पुस्तकें खरीदते दिखे। पुस्तक मेले का आखिरी दिन होने के कारण परिसर में गहमागहमी दिखी।

पुस्तक मेला के संयोजक एवं समय इंडिया के प्रबंध न्यासी लेखक पत्रकार चंद्रभूषण ने व्यावसायिक मोर्चे पर आंकड़ों का गणित सामने रखते हुए कहा कि 10 वर्षों के अंतराल के बाद रांची के जिला स्कूल में 10 दिनों के भीतर 50 हजार पुस्तक प्रेमियों का किताबों के करीब आना और 40 से 42 हजार किताबों की बिक्री होना इस बात का सबूत है कि पुस्तक प्रेमियों के भीतर किताबों की ललक जीवित है। मेले के दौरान हर हाथ में एक किताब का होना और इन हाथों से होकर किताबों का घर परिवार में पहुंचना सुखद एहसास है। पुस्तक मेले के आयोजन के पीछे आखिर संस्था की मंशा यही है कि किताबों और पाठकों के बीच की टूटी हुई कड़ियों को जोड़ा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तक मेला एक तरह से कुएं का प्यासे के करीब आना है। ज्ञान का सागर आपके बीच उपस्थित है, अब आपके हिस्से में है कि सागर से मोती चुन लें। अपनी ज्ञान की भूख मिटा लें।

### सांसद संजय सेठ ने किया सम्मानित

पुस्तक मेला में संपन्न प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिभागियों को सांसद संजय सेठ ने सम्मानित किया। साथ ही सांस्कृतिक संध्या के तहत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इन सभी का पुस्तक प्रेमियों ने भरपूर आनंद उठाया।

# वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक में भूख हड़ताल को लेकर बनी रणनीति

- ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही निकाय चुनाव हो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने की। आगामी 30 जनवरी से रामगढ़ में होनेवाली 72 घंटे की भूख हड़ताल की तैयारी और निकायों के चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के मुद्दे पर विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्येक दिन छह जिलों के लोग आयेंगे। जिलों में बैठक के तहत 10 जनवरी को टंडवा, बड़कागांव, 12 जनवरी को रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो में और 13 जनवरी को कांके में बैठक होगी। प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गयी कि राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही निकायों के चुनाव कराये। ओबीसी को बिना आरक्षण दिये अगर चुनाव कराया गया, तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, लक्ष्मण साहू, प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार, उपेंद्र प्रसाद, इंदुभूषण गुप्ता, कृष्णा प्रसाद साहू, रोहित शारदा, गुड्डू साहा, अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# झामुमो और कांग्रेस में मौसेरे भाई का रिश्ता: प्रतुल शाहदेव

**कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर भाजपा का पलटवार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राजेश ठाकुर के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में पीछे होने और विधि व्यवस्था की दयनीय स्थिति के लिए इडी का तांडव जिम्मेवार है। प्रतुल ने कहा कि पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार झारखंड के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन कर उभरा है। चार वर्षों में हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार दानव का रूप ले चुका है और आम आदिवासी, मूलवासी के विकास का सारा पैसा हजम कर गया। ऐसे भ्रष्टाचार का समूल नाश करने के लिए अगर तांडव की आवश्यकता हुई, तो राज्य हित में वह भी होगा।

प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को यह बात बतानी चाहिए कि 10 वर्षों के यूपीए के कार्यकाल में सिर्फ 8586 मुकदमे इडी ने दर्ज किये थे और 5346 करोड़ कीअवैध संपत्ति और कैश जब्त किया था। वहीं एनडीए के शासनकाल के साढ़े नौ वर्षों में दर्ज मुकदमों की संख्या 30,000 के पास पहुंच गयी और अब तक जब्त किये अवैध संपत्ति और कैश 1,25,000 करोड़ से ज्यादा हो गया है। आंकड़ों से ही स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार का जीरो टॉलरेंस है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में एजेंसियां पार्टी ऑफिस के इशारे पर काम करती थीं।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का झारखंड में ऐतिहासिक स्वागत होगा। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि पूरी दुनिया में झारखंड आतिथ्य स्वागत के लिए अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। राहुल गांधी के झारखंड में दो दौर की यात्रा गौरव की बात है। झारखंड को पूरे देश में अहमियत देने के एआइसीसी को धन्यवाद। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता के बाद न्याय यात्रा भी अपने मकसद में कामयाब होगी। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि 6500 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश को एक सूत्र में पिरोने का काम करेगा। भारत जोड़ो यात्रा एक तपस्या है। देश की एकता और अखंडता को संबल प्रदान करने की प्रतिबद्धता है।

# संत जोसेफ हाइस्कूल के छात्रों की भूमिका अहम: प्रणव बब्बू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन संत जोसेफ हाइस्कूल कांके के तत्वावधान में कांके रिसोर्ट में 1979 बैच के पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि देश के लिए शहादत और अपना सर्वोच्च बलिदान देने से लेकर देश और झारखंड के नवनिर्माण तक संत जोसेफ हाइस्कूल के छात्रों की भूमिका है। डॉ प्रो आशीष चक्रवर्ती ने कहा कि देशहित में चाहे बलिदान की बात हो या अपना उत्कृष्ट योगदान देने की, संत जोसेफ स्कूल के छात्र कभी भी पीछे नहीं हटेंगे। राजेश जयसवाल ने कहा कि संत जोसेफ स्कूल कांके के छात्रों की सबसे महत्वपूर्ण बात यही है कि शुरुआत से लेकर अब तक सभी छात्र एक-दूसरे के साथ गहराई से जुड़े हैं। सोमनाथ मित्रा ने कहा कि प्रेरणा और सहयोग सभी का मूल मंत्र है और सभी पूर्ववर्ती छात्र एक-दूसरे का वैसा ही सहयोग करते रहेंगे, जैसा अभी तक का इतिहास और कीर्तिमान है।

कार्यक्रम में अनिल कुमार केसरी, राजेश केसरी, अनिल प्रसाद, संजय सरावगी, सोमनाथ मित्रा, डॉ आशीष चक्रवर्ती, राजेश केसरी, कोलेश्वर महतो, डॉ अनिल, मो असलम, तरुण कुमार ठाकुर, प्रसून कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम का उद्घाटन

# सामूहिक विवाह में 151 जोड़े बने हमसफर

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** श्री कृष्ण प्रणमी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम में 151 निर्धन जोडों का आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। सेवा के सभी कार्य मे हमारा सहयोग विश्व हिंदु सेवा विभाग से किये जाते हैं। रविवार को कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम मे सत्य प्रेम सभागार का उद्घाटन सदानंद महाराज के सानिध्य में पंकज पोद्दार और उनकी माता ने किया।

स्वामी महाराज ने कहा कि जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं, उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है। उनको उन्हीं की ओर खींच लेती है। जैसे जलाशय के तीर पर उगे पेड़ आदि खेल खेलते हैं। उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति, मन, बुद्धि, विचार, शक्ति को हर लेती है। अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन करें। कहा कि श्रीकृष्ण को जिस भाव से याद किया, वे उसी भाव में आकर गोप-गोपियों को आनंद प्रदान किया। भगवान तो अंतरयामी हैं, वह भक्तों की भावना समझते हैं। मौके पर पवन तिवारी, विनय, डुंगरमल कुमार उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, शिवम अग्रवाल, प्रभाष गोयल, पूरणमल सर्राफ, प्रमोद सारस्वत, मनीष जालान, विशाल जालान, नरेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की बैठक

**क्षेत्र अध्यक्ष का दायित्व झारखंड राय विवि की कुलपति प्रोफेसर सविता सेंगर को सौंपा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग सभागार में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांत की बैठक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रांत संयोजक सह पूर्व कुलपति डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कुल 13 सदस्यों की उपस्थिति रही। इस बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्र और प्रांत स्तर पर हुए परिवर्तन की जानकारी दी गयी। क्षेत्र अध्यक्ष का दायित्व झारखंड राय विवि की कुलपति प्रोफेसर सविता सेंगर, क्षेत्र संयोजक सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, प्रांत अध्यक्ष इकफाई विवि के कुलपति प्रोफेसर रमण कुमार झा, तकनीकी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह-संयोजक प्रो रंजीत प्रसाद, प्रांत सह संयोजक डॉ पीयूष रंजन, दक्षिण बिहार प्रदेश सह संयोजक डॉ हरीश कुमार तथा प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्रीय संयोजक मोतिहारी केंद्रीय विवि के डॉ पवन कुमार सिंह को बनाये जाने की विधिवत घोषणा की गयी। तत्पश्चात सरकारी एवं निजी विश्व विद्यालय तथा तकनीकी संस्थानों के कुल 27 संयोजकों के नाम तय किये गये।

शेष संस्थानों के संयोजक बाद में विचार कर तय किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 8 जिलों के नये नाम भी तय किये गये। 8 जिलों के संयोजक बाद में तय किये जायेंगे। शेष 8 जिलों के संयोजक अभी पूर्व के अनुसार रहेंगे। बैठक के अंत में डॉ विजय कुमार सिंह के द्वारा जयपुर बैठक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। आगामी 15- 17 जून की रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में अयोजित राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग सह कार्यशाला 2024 के बारे मे भी चर्चा हुई। इसमें अमरकांत झा, महेंद्र सिंह, प्रो अमित गुप्ता, डॉ ओपी पांडेय, जीतेंद्र त्रिपाठी, डॉ बालेश्वर नाथ पांडेय, डॉ रामकेश पांडेय आदि मौजूद थे।

## मुक्ति संस्था ने किया अंतिम संस्कार

# 25 लावारिश शव को मिली सद्गति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 25 लावारिश शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकाल कर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी।

संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था की ओर से अब तक कुल 1670 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, आशीष भाटिया, आरके गांधी, हरीश नागपाल, संजय गोयल, संदीप पपनेजा, कमल चौधरी, सुनील अग्रवाल और आदित्य राजगढ़िया मौजूद थे।

# आर्मी की गाड़ी और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के कुसई में हुई सड़क दुर्घटना में रविवार को बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि आर्मी की गाड़ी और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान निक्की कच्छप के रूप में हुई है। वह पीपी कंपाउंड का रहनेवाला था। मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि आर्मी की गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com


## कार्यक्रम : गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी निकली, लंगर लगा

# चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** घने कोहरे और कड़कड़ाती ठंड के बीच रविवार को प्रभात फेरी में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभातफेरी सुबह छह बजे मैट्रो गली से निकलकर न्यू रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के सामने बंटी चावला के होटल होते हुए थड़पखना स्थित महेश सुखीजा के आवास पहुंची। वहीं अरदास के साथ प्रभातफेरी विसर्जित हो गयी। संगत के लिए चाय-नाश्ते का लंगर चलाया गया। दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव में निकाली गयी प्रभातफेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरिधर ने सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं... एवं गुरु के दर्शन देख देख जीवां, गुरु के चरण धोय धोय पीवां... वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला... जैसे कई शबद गायन करते हुए शहर के वातावरण को गोबिंदमय कर दिया।

सरदार भूपेंद्र सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की।

प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन दास मिढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, रमेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेंद्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, विनीत खत्री, रिक्की मिढ़ा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, प्रताप तलेजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, तनय काठपाल, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मोहित सुखीजा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, बंसी मल्होत्रा, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सुजीत बने डीजल ऑटो यूनियन के प्रदेश संरक्षक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो यूनियन के रांची महासभा में समाजसेवी सुजीत सिंह को झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो प्रदेश का संरक्षक नियुक्त किया गया, जिसमें दिनेश सोनी को पांचवीं बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस महासभा में सुजीत सिंह ने कहा कि वह डीजल ऑटो यूनियन के लिए हमेशा तत्पर और तैयार रहेंगे।

### केंद्रीय सरना समिति की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति की बैठक रविवार को बबलू मुंडा की अध्यक्षता में हुई। इसमें रांची नगर निगम द्वारा के आदेश का विरोध किया गया। सभी पदाधिकारियों ने बैठक में चर्चा की कि जो ऐतिहासिक फुटबॉल स्टेडियम है, उसे रांची नगर निगम पार्क घोषित कर जयपाल सिंह मुंडा और ऐतिहासिक फुटबॉल स्टेडियम का नामोनिशान मिटा देना चाहता है। रांची नगर निगम के इस कार्य से पूरे आदिवासी समाज-खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में आक्रोश है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के धरोहर को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए रांची नगर निगम को इस विचार करना चाहिए। अन्यथा केंद्रीय सरना समिति उग्र आंदोलन करेगी। इसमें जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, मुन्ना हेंब्रोम, मुकेश मुंडा, राजेश पाहन, बिरसा लिंडा, कुमोद कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### अंकुर क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। अंकुर क्लब नॉर्थ आफिस पारा डोरंडा की ओर से रविवार को जेएमजे स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। अंकुर क्लब का उद्देश्य मानव कल्याण है। इसी उद्देश्य के तहत प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्त दान शिविर के साथ मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दांत जांच किया गया। साथ में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी अन्त्रानंदा महाराज रामकृष्ण मिशन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिस्टर विकाश लता बरला, जेके झा, डॉ गौतम दता, रामजीवन महतो, बांसुरी पाल, प्रेमांशु शेखर दास, रमेश धारा, तापस जाना, परिमल पाल, किशोर मांजी, देवराज सेन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

### पासवान महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान




रांची (आजाद सिपाही)। पासवान महासम्मेलन की बैठक डोरंडा मणिटोला शिव मंदिर प्रांगण में बबलू पासवान रोहित की अध्यक्षता में हुई। इसमें महासम्मेलन को भव्य रूप से सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमुई के सांसद चिराग पासवान होंगे। महासम्मेलन में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। गरीब बच्चियों को विवाह करवाया जायेगा। मोकामा बिहार से कलाकारों को बुलवाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से माधव पासवान, गुप्तेश्वर पासवान, अलख निरंजन पासवान, ब्रजेश पासवान, बबलू पासवान, लाल बहादुर पासवान, रेखा देवी, सुरेश पासवान, पवन पासवान, महावीर पासवान ने विचार रखे।

### रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील को मिला पुरस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार को विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार-2024 से नवाजा गया है। एम्स नयी दिल्ली में छह-सात फरवरी को फोरम ऑफ ऑफ्थल टीचर ऑफ इंडिया के सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ सुनील कुमार को उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव एवं चिकित्सा शिक्षा में असाधारण योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### श्रीरामकृष्ण सेवा संघ ने मनाया कल्पतरु दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। ब्रह्मचर्य संघ विद्यापीठ (बीएसवी) विद्यालय, निवारणपुर स्थित श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के कार्यालय परिसर में रविवार को माता शारदा देवी का जन्म दिवस और कल्पतरु दिवस का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के तत्वावधान में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।मौके पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, सचिव डॉ स्मिता डे, सहायक सचिव तुषारकांति शीट, कोषाध्यक्ष तन्मय मुखर्जी, आलोक मजूमदार, डॉ आशुतोष चटर्जी, आनंद रंजन घोष, शैवाल बनर्जी, सपन डे, असीम चक्रवर्ती, छंदा घोष, बुला चौधरी, श्रावंती शीट, अर्चना चक्रवर्ती, बुला दत्ता, सोहिनी मजुमदार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पैरा ओलंपिक खेल गोवा में कल से

रांची (आजाद सिपाही)। गोवा में 22वें राष्ट्रीय पैरा ओलिंपिक खेल का आयोजन 9 से 13 जनवरी तक होना है। इसका उद्घाटन गोवा के चीफ मिनिस्टर डॉ प्रमोद सावंत करेंगे। इस दौरान पद्मश्री डॉ दीपा मलिक, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के महासचिव गुरुशरण सिंह और अन्य भी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में झारखंड के भी प्लेयर्स शामिल होंगे। झारखंड की टीम में शिबू कुमार रजक, पवन लकड़ा, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, अनिता तिर्की, प्रतिमा तिर्की, प्रकाश चंद्र शाह, सनोज महतो जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

### जूनियर महिला जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप 26 से

रांची (आजाद सिपाही)। हॉकी सिमडेगा के द्वारा 26 से 29 जनवरी तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में जूनियर महिला जिला स्तरीय चैंपियनशिप होगा। इसमें जिला से कुल 12 महिला टीमों को भागीदारी दी जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली किसी भी टीम में सिर्फ वही खिलाड़ी भाग ले सकती हैं, जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2006 या उसके बाद की हो। खिलाड़ी सिमडेगा का स्थानीय निवासी हो। वर्तमान समय में सिमडेगा जिला के बाहर किसी भी मान्यता प्राप्त खेल प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त ना कर रहा हो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# 59 अफसरों ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**पकड़ी गड़बड़ी, आज हो सकती है कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षा विभाग के 59 पदाधिकारियों ने 4 से 6 जनवरी तक राज्यभर के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कई स्कूलों में भारी गड़बड़ियां पकड़ी हैं। राज्य के 24 जिलों में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से ये पदाधिकारी भेजे गये थे। दो और तीन सदस्यीय टीम बना कर इन पदाधिकारियों ने हर जिले में आठ से 10 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। स्कूलों की ओर अपडेट की गयी शिशु पंजी को चेक किया। मिड डे मील की क्वालिटी चेक की। गांवों में घूम-घूम कर शिशु पंजीकरण, आउट ऑफ स्कूल, ड्रॉप आउट से जुड़े मामलों की जमीनी पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों और बच्चों से बातचीत की। पड़ताल के दौरान पदाधिकारियों ने कई गड़बड़ी पकड़ी। पदाधिकारी रविवार को वापस लौटे। इनकी रिपोर्ट के बाद सोमवार को संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है।

# बीआरपी-सीआरपी अब आंदोलन को करेंगे उग्र

**सेवाशर्त नियमावली को लेकर आंदोलन जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआरपी सीआरपी अपनी लंबित समस्या के समाधान और सेवाशर्त नियमावली के लिए संघर्षरत हैं। संघ की प्रदेश कोर कमेटी और रांची जिला कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक शिक्षा परिसर रांची में की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर 9 जनवरी को होने वाली कैबिनेट की बैठक में बीआरपी-सीआरपी के संबंध में सेवाशर्त नियमावली की अनुशंसा नहीं की जाती है, तो आगामी सप्ताह में आंदोलन तेज किया जायेगा। महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से बीआरपी-सीआरपी का शोषण हो रहा है, अब वह बर्दाश्त से बाहर है। संगठन सचिव उपेन देवघरिया ने कहा कि चुनावी आचार संहिता लागू होने के पूर्व किसी भी स्थिति में हम लोगों की मांगों को सरकार को पूरा करना होगा। रांची जिला अध्यक्ष जनक मुंडा ने कहा कि सरकार यदि सेवा शर्त लागू नहीं करती है, तो बीआरपी-सीआरपी की मांगों की पूर्ति के लिए मांडर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्रीय उपाध्यक्ष मो जावेद, कृष्ण प्रसाद, अरविंद चौबे, जावेद अंसारी, संजय रजक, रवींद्र कुमार ठाकुर, शैलेंद्र कुमार, राजीव चौधरी, विनय कटिहार मौजूद थे।

# नमो एप डाउनलोड करें और पायें मोदी से मिलने का मौका

**शिविर में कुल 243 लोग ब्रांड एंबेसडर बने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए भाजपा महानगर की ओर से रविवार को अलबर्ट एक्का चौक के पास शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 243 लोग ब्रांड एंबेसडर बने। शिविर में रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता समेत कई नेता मौजूद थे। मौके पर सांसद ने कहा कि अपने स्मार्ट फोन में नमो एप डाउनलोड करके विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बना जा सकता है। ब्रांड एंबेसडर बनने वाले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों से सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, जिन लोगों ने इन योजनाओं का लाभ लिया है, वह भी इस एप के जरिये मोदी को धन्यवाद दे सकते हैं। वहीं डॉ आरिफ नासिर बट्ट ने कहा कि मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुसलमान भी उठाये हैं। यह भी उन्हें बताया जा रहा है। केके गुप्ता ने कहा कि यह शिविर अब नियमित रूप से शहर के प्रमुख स्थानों में लगाया जायेगा। इस कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री वरुण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। इस अवसर पर संतोष कुमार, जितेंद्र वर्मा, शौर्य पूजा सिंह, सूर्यप्रभात, रोमित नारायण सिंह, सुचिता सिंह, अरविंद सिंह पिंटू, विनोद महतो, अर्चना सिंह, अर्जुन मुंडा, सुनीता श्रीवस्तव, प्रीति सिन्हा, रंजीत सिंह, सोनी चौरसिया, सचिन साहू, सन्नी वर्मा, बबली पाठक, ओमप्रकाश, ऐश्वर्या सहाय, अभिषेक कुमार, रूपक मिश्रा सहित उपस्थित थे।

# आरयू से आउटसोर्सिंग कंपनी को हटाने को लेकर आंदोलन आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रांची विवि में शैक्षणिक समस्याओं, आउटसोर्सिंग कंपनी को हटाने, परीक्षा शुल्क 50 प्रतिशत बढ़ाने, अंक पत्रों में त्रुटि सहित अन्य मुद्दों पर 8 से 18 जनवरी तक आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

परिषद के नेता सह प्रवक्ता दुर्गेश यादव ने कहा कि अभाविप ने विवि में आउटसोर्सिंग कंपनी से काम लेने का शुरू से ही विरोध किया है। विवि में आये दिन विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा और परिणाम को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गड़बड़ी के बावजूद उस निजी कंपनी को संरक्षण दिया जा रहा है। छात्र संघ के नेताओं ने कुलपति से आउटसोर्स कंपनी को हटाने और विद्यार्थियों की समस्याएं दूर करने की मांग की है।

दुर्गेश यादव ने आरोप लगाया कि रांची विश्वविद्यालय को यहां के कुलपति आइआइटी रुड़की जैसे शिक्षण संस्थानों की तर्ज पर चलाना चाहते हैं। रांची विवि के पास सभी प्रकार के भवन, कर्मचारी और सुविधाएं रहने के बावजूद आखिर क्यों कुलपति विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को बाहरी स्त्रोतों के हाथों में सौंप कर विश्वविद्यालय की विधि व्यवस्था को चौपट कर कर रहे हैं।

वहीं प्रदेश सहमंत्री दिशा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को आये दिन प्रवेश परीक्षा और रिजल्ट को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा संबंधी कार्यों का आउटसोर्सिंग करना और भारी गड़बड़ी के बावजूद उस निजी कंपनी को संरक्षण देना यह बताता है कि दाल में कुछ काला है। रांची महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी सारे नियम और शर्तों को ताक पर रख कर कार्य कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में ऐसी नियुक्तियां हुई हैं, जिसका कोई आधार नहीं है।

## हेमंत सोरेन की बहन अंजलि सोरेन का बड़ा बयान

# जरूरत पड़ी, तो कल्पना सोरेन बन सकती हैं झारखंड की सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सीएम हेमंत सोरेन इडी की जांच का सामना कर रहे हैं। बीते दिनों सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है कि हेमंत सोरेन भी सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं और उनकी जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की नयी सीएम बन सकती हैं। हालांकि हेमंत सोरेन ने इन अटकलों पर खुद ही पूरी तरह विराम लगा दिया था। अब सीएम हेमंत सोरेन की बहन के बयान ने इन चर्चाओं को एक बार फिर हवा दे दी है। दरअसल, हेमंत सोरेन की बहन अंजली सोरेन से जब कल्पना सोरेन के सीएम बनने की चर्चाओं को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि 'अगर जरूरत पड़ी तो वह सीएम बन सकती हैं। हमारी पार्टी में अन्य लोग भी हैं, लेकिन इसका फैसला पार्टी के विधायक दल की बैठक में होगा। अभी पुष्टि तो नहीं कर सकती, लेकिन जरूरत पड़ी तो वह सीएम बन सकती हैं।' अंजली सोरेन ने हेमंत सोरेन को इडी के समन मिलने पर कहा कि 'एक तरफ हमें ऊपर उठाया जा रहा है और दूसरी तरफ हमारा उत्पीड़न किया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार एक आदिवासी सरकार है। मैं कह सकती हूं कि आदिवासी होने की वजह से हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। दूसरों को डर है कि अगर हेमंत सोरेन की सरकार काम करती रहेगी, तो उन्हें आदिवासियों के वोट नहीं मिलेंगे। यही वजह है कि वह यह सब कर रहे हैं।'




# किलर और जॉकी का शोरूम खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हटिया सिंह मोड़ में किलर और जॉकी का शोरूम रविवार को खुला। इसका उद्घाटन आरएसएस के झारखंड प्रमुख गुरु शरण और रांची सांसद संजय सेठ ने संयुक्त रूप से किया। किलर के शोरूम में जींस, शर्ट, जैकेट, टी-शर्ट, ब्लेजर इनरवियर, की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। यहां सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए कपड़े उपलब्ध है। यह झारखंड का 21वां और रांची का दूसरा शोरूम है। कपड़े की कीमत 999 रुपये से शुरू होती है। ग्राहकों को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जॉकी के शोरूम में इनरवियर, आउटर वेयर, थर्मल, एथलीजर सहित अन्य प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। यह भारत का नंबर वन ब्रांड है। यह शोरूम पूर्वी भारत का 175 वां और रांची का छठा है। यहां प्रोडक्ट की कीमत 199 रुपये से शुरू होती है। शोरूम का संचालन डीडी एक्सक्लुसिव फर्म कर रहा है। यह डीडी सेल्स ग्रुप का पार्ट है। शोरूम के संचालक मनोज सिंघानिया, मनमोहन सिंघानिया, आशीष सिंघानिया, अमन सिंघानिया ने बताया कि यह सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। ग्राहक शोरूम में मिल रही छूट का लाभ उठायें। इस अवसर पर गोपाल मुरारका, सुरेश पोद्दार, विष्णु अग्रवाल, भगवती जाजोदिया, मुकेश काबरा, राकेश मुरारका भी मौजूद थे।

# श्री जीण माता का वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा आदि शक्ति श्री जीण माता जी का दो दिवसीय 14वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। महोत्सव के दूसरे दिन मारवाड़ी भवन में प्रातः 10 बजे से माता का अभिषेक विजय पालरिवाल द्वारा सपरिवार किया गया। माता की ज्योत प्रज्ज्वलित हुई। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में 751 महिलाओं द्वारा मंगल पाठ का वाचन प्रारंभ हुआ। पाठ वाचन के लिए जीण धाम से पधारे आनंद पारासर एवं कोलकाता से निकिता शर्मा ने संगीतमय मंगल पाठ का वाचन के साथ साथ मधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की। सबसे पहले गणेश आराधना से उत्सव की शुरुआत हुई। जीण जन्म उत्सव में सभी महिला सदस्यों ने नाच कर मां जीण का आह्वान किया। 181 फिट चुनडी माता को सदस्यों द्वारा अर्पित किया गया, साथ ही 51 फीट का गजरा माता को चढ़ाया और माता को छप्पन भोग एवं निशान माता के दरबार में अर्पित किया गया। महोत्सव के कार्यक्रम के मध्य में समिति द्वारा पदम चंद जैन को समाज सेवा के लिए एवं कमल अग्रवाल को मिलिट्स इंडिया सम्मान के लिए अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। जमशेदपुर, हजारीबाग एवं रामगढ़ से आये हुए जीण भवानी के भक्तों का भी मोमेंटो एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती से हुआ। कार्यक्रम में चरण पादुका सेवा डॉ. लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्था द्वारा प्रदान की गयी। कार्यक्रम में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालरिवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, अजय अग्रवाल, विनय अग्रवाल, गौरव पालरिवाल, संदीप शर्मा, राजू मित्तल, आनंद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज चौधरी, संदीप विजयवर्गीय, दीपक पोद्दार, संदीप अग्रवाल, सुनीता मित्तल, कविता सोमानी, संगीता अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, रितु शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पारा गिरेगा और कनकनी बढ़ेगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में दो-तीन दिनों तक कोहरे से राहत मिलती नहीं दिख रही है। वहीं 10 जनवरी को राज्य के पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण दो-तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है, जिससे फिर से कनकनी बढ़ने कि संभावना है। कोहरा छंटते ही शीतलहरी चलने लगेगी। इसके बाद तापमान तेजी से नीचे गिरेगा। इससे आम जन-जीवन प्रभावित हो सकता है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में साक्षी बनने के लिए 46 लाख परिवारों को दिया जायेगा न्योता : डॉ वीरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीराम जन्मभूमि पूजित अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र लेकर झारखंड प्रांत के सभी जिलों में सातवें दिन रविवार को भी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक घर-घर जाकर परिवार को निमंत्रण दिये। अभियान में विश्व हिंदू परिषद सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रह रही है। विहिप के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि पूजित अक्षत को भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला जी के प्रसाद के रूप पाकर जहां एक ओर रामभक्त परिवार अपने को धन्य समझ रहे हैं, वहीं सभी कार्यकर्ता रामजी का दूत बनकर घर-घर पूजीत अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण देना अपने आप को परम सौभाग्यशाली मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि सात दिनों के अभियान में झारखंड के लगभग चार हजार पंचायत के लगभग बीस हजार गांव तक पहुंचकर लगभग 18 लाख परिवार को निमंत्रण दिया गया है। डॉ साहू ने कहा कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए 31 लाख परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य को बढ़ाकर अब 46 लाख परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। रविवार को रांची के अभियान में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू, प्रचार प्रसार प्रांत सह प्रमुख प्रकाश रंजन, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, गुमला जिला में प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार व बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, रांची ग्रामीण में प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो सहित कई पदाधिकारी ने अलग-अलग जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर अभियान को गति प्रदान की।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत : 27 बच्चों का दल गोवा रवाना

# झारखंड-गोवा के बीच होगा सांस्कृतिक आदान-प्रदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत देश की बहुभाषी थीम को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों के विभिन्न सरकारी स्कूलों में गत वर्ष आयोजित हुए भारतीय भाषा उत्सव 2023 में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले शीर्ष 25 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर हुआ। इन 24 जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले स्कूली बच्चों को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा के स्कूली बच्चों से मिलवाया जायेगा। इस पारस्परिक वार्तालाप से राज्य के स्कूली बच्चे गोवा के स्कूली बच्चों के साथ बातचीत कर एक-दूसरे की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता की जानकारी प्राप्त करेंगे।



राज्य के चयनित बच्चों की टीम समन्वयक अंजलि गांगुली और रेनू जयसवाल के साथ रविवार को गोवा के लिए रवाना हुई। टीम को राज्य के नोडल इंस्टिट्यूट जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर डॉ अंजिला गुप्ता ने शुभकामनाओं और मार्गदर्शन के साथ रवाना किया। इस कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी बादल राज बनाये गये हैं। भारतीय भाषा उत्सव का समापन विगत वर्ष 11 दिसंबर को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर हुआ था।

### इन बच्चों का हुआ चयन

अंशु मुंडा, संध्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, माधवी गुप्ता, कैलाश रजक, बार्बी मजूमदार, मोनी सबर, टुनटुनी सबर, श्रेयश कुमार, मंजली किस्कू, मेरिशा हांसदा, नागी सोय, हीरा सांगा, सिपी कुमारी, मोहम्मद इस्माइल, रिशु कुमार, रजनीश पासी, मयंक जयसवाल, मुस्कान कुमारी, विद्या कुमारी, वर्षा कुमारी, अनन्या सिन्हा, मुस्कान कुमारी, आर्या कुमारी ओझा, लक्ष्मी कुमारी, अजल कुमारी, माही कुमारी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रांची लौटे

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को चेन्नई से वापस रांची लौट आये हैं। इनके वापस आने के बाद राज्य की सियासत में एक बार फिर तपिश बढ़ने की संभावना है। बता दें कि 2 जनवरी को राज्यपाल अपने गृहनगर चेन्नई गए थे। उनके चेन्नई जाने को लेकर झारखंड की राजनीति में कानाफूसी शुरू हो गयी थी। अब उनके वापस आने के बाद कयासों का बाजार एक बार फिर से गर्म हो गया है। राज्यपाल के आने के बाद अब सब की निगाहें राजभवन की ओर ही है।

### नवप्रोन्नत सात डीएसपी को लगाया बैज

रांची (आजाद सिपाही)। नव प्रोन्नत सात डीएसपी का पदोन्नति समारोह एसएसपी आवास में रविवार को आयोजित हुआ। प्रोन्नति पानेवालों में रांची जिला बल के सात इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार, अरविंद, नीरज, रमेश, संजीव कुमार, नीरज और सत्यनारायण सिंह शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी डीएसपी को बैज लगा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर को इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में 93 पुलिस पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी गयी थी।

### पुलिस मुख्यालय ने प्रतिनियुक्ति के लिए एसएसपी-एसपी को लिखा पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस मुख्यालय के कार्यालय में एसआइ, एएसआइ और कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति को लेकर मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि एसआइ, एएसआइ, और कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति के लिए अपने-अपने जिलों से मनोनयन उपलब्ध करायें। झारखंड पुलिस मुख्यालय के कार्यालय के लिए सब इंस्पेक्टर, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर और कंप्यूटर की जानकारी रखनेवाले आरक्षी की प्रतिनियुक्ति होनी है।

### राष्ट्रीय महिला टेनिस टूर्नामेंट आज से

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड टेनिस एसोसिएशन ने 8 से 12 जनवरी तक खेलगांव के टेनिस स्टेडियम में राष्ट्रीय महिला टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 12 जनवरी को खेला जायेगा। एकल और युगल दो श्रेणियों में मैच खेले जायेंगे। झारखंड में 34वें राष्ट्रीय खेलों के बाद यह पहला राष्ट्रीय स्तर का टेनिस टूर्नामेंट है।

### हिंदी साहित्य में बौद्ध दर्शन का प्रभाव विषय पर चर्चा करने को प्रो उपेंद्र जायेंगे श्रीलंका

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ उपेंद्र कुमार सत्यार्थी विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लेने श्रीलंका जायेंगे। वहां 10 और 11 जनवरी को स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर, भारतीय उच्चायोग श्रीलंका द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में विभिन्न देशों से विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किये गये हैं। इनमें रांची से डॉ उपेंद्र कुमार को हिंदी का वैश्विक परिदृश्य और हिंदी साहित्य में बौद्ध दर्शन का प्रभाव विषय पर चर्चा करने और शोध आलेख प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बेरोजगार को झारखंड सरकार ने धोखे में रखा है : धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने रोजगार का सब्जबाग दिखा कर झारखंडी बेरोजगार भाई-बहनों को एक बार फिर से धोखे में रखा है। सरकार के आदेश से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जो वैकेंसी निकाली है, उसमें ना तो 1932 खतियान आधारित नियोजन का उल्लेख है, ना ही स्थानीय नीति का जिक्र है। सरकार ने ओपेन फॉर ऑल की तर्ज पर विज्ञापन निकाला है। इसके तहत किसी भी राज्य के प्रतिभागी भाग लेंगे और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पायेंगे। झारखंड से मैट्रिक, इंटर और स्नातक पास युवाओं के लिए सरकार ने सीटें आरक्षित नहीं की हैं। यह सरासर झारखंडी भाई-बहनों, युवाओं के साथ हेमंत सरकार द्वारा किया गया छल है। इस मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ के नेताओं के मुंह बंद हैं। आदिवासियों के हक की बात करने वाले तथाकथित आदिवासी हितैषी सड़क से लेकर विधानसभा तक में चुप्पी साधे हुए हैं। जनता को दिग्भ्रमित कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं।

### अयोध्या से आये पूजित अक्षत बांटा गया



रांची (आजाद सिपाही)। अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को देवी मंडप रोड हेसल सरोवरनगर सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य भगवान भोलेनाथ को कलश एवं निमंत्रण कार्ड को चढ़ाकर कार्ड बांटने का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्ड सरोवरनगर सूर्य मंदिर मार्ग, मंदिर के पीछे 170 घरों में अक्षत एवं निमंत्रण कार्ड बांटा गया। बांटने वालो में मनोज कुमार पुद्दू,अभिषेक कुमार,हिमांशु इन्दुगुरु,आयुष कुमार,विवेक गिरी,मुन्ना कुमार,कृष कुमार,लवली गिरी,स्वेता कुमारी शामिल थी।

### विद्यापति स्मारक समिति ने मिथिला पंचांग का किया विमोचन



रांची (आजाद सिपाही)। विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को मिथिला पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस पंचांग का विमोचन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पीसी झा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा, विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखनानंद झा ने किया। पीसी झा ने कहा कि मैथिली संस्कृति के संरक्षण की दिशा में समिति की पहल सही मायने में काबिलेतारिफ है। लेखनानंद झा ने बताया कि विद्यापति स्मारक समिति के मिथिला पंचांग का इंतजार बेसब्री से रहता है। मौके पर उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण झा, कमलाकांत झा, दिलीप झा, बीके झा, विद्याकांत झा, रंजीतलाल दास, संजीव ठाकुर, रविकांत झा, कृतेश झा, दीपक जयसवाल आदि शामिल थे।

# आतंकियों को पनाह दे रहा है अमेरिका

अमेरिका अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में खालिस्तान समर्थकों को समर्थन देकर भारत से रिश्ते खराब कर रहा है। अमेरिका को सिर्फ अपने नागरिक हितों और उनकी अभिव्यक्ति की चिंता है। अमेरिकी जमीन से भारत के खिलाफ विध्वंस के बयान देना, मंदिरों और दूतावासों पर हमले करने की छूट देना यह साबित करता है कि अमेरिका को भारतीय कानून, एकता-अखंडता और सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है। अमेरिका के इसी अंह की वजह से मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इस नयी श्रृंखला में अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने फिर से हमला किया है। आश्चर्यजनक यह है कि पिछले एक साल में मंदिरों पर हुए हमलों की दर्जन भर से ज्यादा घटनाएं होने के बाद एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे खालिस्तानियों को लेकर बाइडेन प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। इसके साथ ही भारत-अमेरिका संबंधों में खटास आ रही है। खालिस्तान समर्थकों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिख दिये। यह घटना कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित किये जाने के कुछ सप्ताह बाद हुई है। कैलिफोर्निया के नेवार्क में भी ऐसी ही घटना इससे पहले पिछले साल 2 दिसंबर को हुई थी, जब कैलिफोर्निया के नेवार्क में एक हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्रों के साथ तोड़-फोड़ की गयी थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम इस बारे में चिंतित हैं। भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। जो कुछ भी हुआ, उसके बारे में हमारे वाणिज्य दूतावास ने सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज करायी है, मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि जुलाई महीने में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास में आग लगा दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सैन फ्रांसिस्को की घटना की निंदा की थी और उसे बर्बरता करार दिया था। इसके अलावा इसी पिछले साल मार्च में भी एक विरोध प्रदर्शन के दौरान खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया था। खालिस्तान समर्थकों ने अमेरिका में किल इंडिया विरोध रैली की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य मारे गये आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के नाम पर धन इकट्ठा करना था। निज्जर भारत में मोस्ट वांटेड था और भारत सरकार ने उस पर 10 लाख के नकद इनाम की घोषणा भी की थी। उसे जून में कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गयी थी। भारतीय धार्मिक स्थलों और संस्थानों पर बढ़ते हमलों पर अमेरिका की चुप्पी और निष्क्रियता ने खालिस्तानी समर्थकों के हौसले बुलंद किये हैं।


**आश्चर्यजनक यह है कि पिछले एक साल में मंदिरों पर हुए हमलों की दर्जन भर से ज्यादा घटनाएं होने के बाद एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इससे खालिस्तानियों को लेकर बाइडेन प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विरासत पर आधारित गांधी परिवार का नेतृत्व मॉडल ज्यादातर सभी अधिकारों के साथ आता है और कोई जिम्मेदारी नहीं है, जो उन्हें हार के बोझ और दुर्भाग्यपूर्ण प्रयोगों के नतीजों से बचाता है, जिससे पार्टी को परिणामों से जूझना पड़ता है। तमाम राजनीतिक निराशा के बीच पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक और यात्रा पर निकलने का फैसला किया है। यह देखना बाकी है कि पूर्व-पश्चिम (बस) यात्रा-2 पार्टी को कितनी दूर तक ले जायेगी।**

# कांग्रेस वापसी के लिए संघर्ष क्यों कर रही

सीएल मनोज




हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की जीत के बाद कांग्रेस की वापसी की उम्मीदें निराशाजनक रहीं, क्योंकि पार्टी तीन प्रमुख हिंदी भाषी राज्यों को भाजपा के हाथों हार गयी, जिससे 2024 के लोकसभा चुनावों में उसकी यात्रा अनिश्चित हो गयी। यह नवगठित इंडिया गठबंधन के लिए भी परेशानी का सबब है, जिसका भाग्य मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस के साथ जुड़ा हुआ है। यदि कांग्रेस 200 से अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा के खिलाफ कमजोर बनी रही, जहां दोनों दलों के बीच आमने-सामने की लड़ाई होगी, तो क्षेत्रीय दलों का कोई भी अच्छा प्रदर्शन इस गुट को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

**राजनीतिक विवाद :** तो, कांग्रेस को क्या परेशानी है? यह वापसी करने या कम से कम छाप छोड़ने के लिए संघर्ष क्यों कर रही है? कई लोग गांधी परिवार के वास्तविक नेतृत्व और नये भारत में मोदी फैक्टर की तुलना में उनके कम होते चुनावी रिटर्न और ताजा कथानक की कमी की ओर इशारा करेंगे। विरासत पर आधारित गांधी परिवार का नेतृत्व मॉडल ज्यादातर सभी अधिकारों के साथ आता है और कोई जिम्मेदारी नहीं है, जो उन्हें हार के बोझ और दुर्भाग्यपूर्ण प्रयोगों के नतीजों से बचाता है, जिससे पार्टी को परिणामों से जूझना पड़ता है। तमाम राजनीतिक निराशा के बीच पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक और यात्रा पर निकलने का फैसला किया है। यह देखना बाकी है कि पूर्व-पश्चिम (बस) यात्रा-2 पार्टी को कितनी दूर तक ले जायेगी।

**तमाम राजनीतिक निराशा के बीच पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक और यात्रा पर निकलने का फैसला किया है।**

जहां राहुल यात्रा-2 के लिए फिर से तैयारी कर रहे हैं, वहीं प्रियंका वाड्रा भी यात्रा का विस्तार कर रही हैं। भले ही उनके नेतृत्व ने यूपी में कांग्रेस को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, फिर भी उन्हें बिना किसी निर्धारित पोर्टफोलियो के एआइसीसी महासचिव के पद से पुरस्कृत किया गया। अगर राहुल का पीएम पद की चाहत का दावा यह है कि उनके पिता, दादी और परनाना पीएम थे, तो अब उत्साहित प्रियंका प्रशंसकों का कहना है कि उनके पास चौथा कारण है, वह यह कि लाल बहादुर शास्त्री को भी बिना पोर्टफोलियो के पीएम बनने से पहले (मंत्री) के रूप में नामित किया गया था।

लगभग सभी पदाधिकारी-सीडब्ल्यूसी से लेकर एआइसीसी, सचिवालय से लेकर पीसीसी तक नामांकित हैं, और जिन्हें निर्वाचित सदस्यों के विपरीत, इच्छानुसार हटाया जा सकता है। एक बार अध्यक्ष पद से बाहर होने के बाद, सोनिया-राहुल ने भी नामांकन के बिना अपने पदों को खतरे में डाल दिया था, जब रायपुर प्लेनरी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों को सीडब्ल्यूसी में स्थायित्व प्रदान किया था। गांधी परिवार और नामित समूह, व्यक्तिगत वफादारी के नाम पर सहयोग करते हैं और बाद वाले पुराने थीम गीत को दोहराते हैं केवल गांधी परिवार ही पार्टी को एकजुट रख सकता है, जबकि कांग्रेस डूब रही है। पार्टियां अतीत की लोककथाओं के बजाय वर्तमान और भविष्य की राजनीति पर काम करके या आकांक्षी युवाओं के सामने विरासत में मिले विशेषाधिकारों का विपणन करके जीतती हैं। फिर, गांधी परिवार के कई क्षेत्रीय दलों में समकक्ष भी हैं।

परिवार के मजबूती से नेतृत्व के साथ, निर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे वास्तविक नेता की छाया में काम करते हैं। विडंबना यह है कि राहुल गांधी, जो अक्सर संविधान और संस्थानों को कमजोर करने के लिए पीएम मोदी पर हमला करते हैं, वे खुद कांग्रेस के संविधान और संस्थागत प्रावधानों से ऊपर काम कर रहे हैं, जबकि राहुल और प्रियंका, नामित पार्टी पदाधिकारियों पर प्रभाव डाल सकते हैं, इंडिया गठबंधन के नेताओं ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट संकेत दिया कि राहुल उनके ब्लॉक के संभावित पीएम चेहरे की सूची में भी शामिल नहीं हैं। खरगे का नाम दलित पीएम उम्मीदवार के तौर पर भी सामने आया है, जबकि इंडिया गठबंधन सीट-बंटवारे की बातचीत के लिए तैयार है, यह देखना बाकी है कि क्या कुछ पेचीदा सहयोगी आगे आएंगे, या बाहर निकलेंगे।

**कांग्रेस की हिस्सेदारी :** दिखावे से परे, कई कांग्रेस नेताओं की गंभीर चिंताएं हैं और कुछ ने पिछली सीडब्ल्यूसी बैठक में इसे व्यक्त किया था। हार के बाद, क्या पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है और यदि हां, तो कितना? 2019 की तुलना में 2024 में 52 लोकसभा सीटें कम होंगी? कांग्रेस की 2019 की लगभग 60 प्रतिशत रैलियां 3 राज्यों में आयीं। केरल (15), तमिलनाडु (8), जो पूरी तरह से द्रमुक शो पर निर्भर करता है, और पंजाब (8), जहां टैली को विभाजित किया जायेगा। जहां कांग्रेस के लिए सबसे अच्छी उम्मीद तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल में है, वहीं उसके कमजोर राज्यों में गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और हरियाणा शामिल हैं।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को 3 प्रमुख मुद्दों का मुकाबला करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है- मोदी नेतृत्व, हिंदुत्व-राष्ट्रवादी अपील और सरकार की सक्षम योजनाओं तक पहुंच। मोदी फैक्टर से बचने के एक तरीके के रूप में, एआइसीसी ने यह प्रसारित करना शुरू कर दिया है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन इस चुनाव को 2 प्रधानमंत्री चेहरों की लड़ाई नहीं बनाना चाहते हैं और विपक्षी गुट चुनाव के बाद अपना प्रधानमंत्री चुनना चाहता है, लेकिन विपक्ष में कई लोगों को अब भी डर है कि भाजपा यात्रा-2 को मोदी बनाम राहुल-3 लोकसभा चुनाव मुकाबले में बदल देगी।

इंडिया गठबंधन के नेताओं का मानना है कि चुनावी चर्चा को मोदी बनाम कौन और भावनात्मक मुद्दों से दूर रखकर रोजी-रोटी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना उनका सबसे अच्छा दाव है। फिर भी, अधिकांश गैर-कांग्रेसी सांझेदार ज्यादातर एक-राज्य पार्टियां हैं, जो राज्यों में एक-दूसरे के पूरक नहीं हो सकते हैं या सीधे मुकाबले में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की संभावनाओं को मजबूत नहीं कर सकते हैं। विधानसभा चुनावों ने यह भी दिखाया कि मुफ्त बनाम मुफ्त केवल इसकी धार को कुंद कर सकता है।

यह गुट मोदी के 2 पसंदीदा विषयों - पारिवारिक शासकों और भ्रष्टाचार को लेकर हमलों का शिकार है। चूंकि राजनीति के उतार-चढ़ाव में कोई पूर्ण विराम नहीं होता है, इसलिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन सत्ता के मुद्दों पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# बीआइएस का 77वां स्थापना दिवस मना




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जेडीबीओ ने शनिवार को को होटल रमाडा, जमशेदपुर में बीआइएस का 77वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वरिष्ठ निदेशक एसके वर्मा ने समारोह का नेतृत्व किया।

एसके वर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में समारोह का उद्देश्य बताया। इस कार्यक्रम की शोभा सुधीर सिंह, संतोक सिंह, उपाध्यक्ष मेसर्स आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के अधिकारी ने बढ़ायी। क्षेत्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं, अखिल भारतीय प्रथम लाइसेंसधारी और रिसोर्स पर्सनल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाल ही में प्रकाशित भारतीय मानक (पोर्टलैंड कैलक्लाइंड क्ले लाइमस्टोन सीमेंट) और वाइड सकुर्लेशन ड्राफ्ट स्टैंडर्ड (कंक्रीट सुदृढीकरण के लिए ड्राफ्ट भारतीय मानक सतत हॉट-डिप गैल्वनाइज्ड स्टील बार्स) पर तकनीकी सत्र शामिल था। इस कार्यक्रम में मानक गीत का गायन और बीआइएस अनुरूपता मूल्यांकन योजनाओं पर लाइसेंसधारक द्वारा अनुभव साझा करना भी शामिल था।

प्रतिभागियों में विजेताओं के अभिभावकों के साथ शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक, स्टैंडर्ड क्लब के सलाहकार, उद्योग संघ, प्रयोगशाला और लाइसेंसधारी शामिल थे।

## छात्र-छात्राओं ने नरवा पहाड़ की खूबसूरत वादियों में सपरिवार वनभोज का उठाया आनंद



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के आरडीटाटा हाई स्कूल के 1996 बैच सी यूनिट के पूर्व छात्र छात्राओं ने नरवा पहाड़ की खूबसूरत वादियों में सपरिवार वनभोज का आनंद लिया। रविवार को झारखंड व अन्य राज्य में रहने वाले विद्यार्थी 28 साल बाद परिवार संग जमकर मस्ती की। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का मिलने का यह सिलसिला बीते 5 वर्षों से लगातार चलता आ रहा। मौके पर कई छात्र अपने विद्यार्थी जीवन की पुरानी यादों को ताजा करके भावुक भी दिखे। वनभोज में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने सपरिवार भाग लेकर वनभोज का जमकर आनंद उठाया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर यादगार को ताजा किया। मौके पर पप्पु कुमार सिंह, मनोज सिंह, सुबोध शर्मा, प्रदीप नवाब, सुनील पांडे, छोटेलाल यादव, रितेश मिश्र, के रवि, दिनेश यादव, सत्यम प्रकाश, तारा, शशि, नीतू ओझा, अन्नु, तन्वी, अमित, राकेश, सीनू, तिलक, ज्योति, अनिता, सोनी, पुजा समेत अन्य छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# शहर का कुख्यात अपराधी हरीश सिंह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के अपराधी 40 हजार का ईनामी हरीश सिंह उर्फ छोटू सिंह को पुलिस ने राजगीर के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा करते हुए इसकी जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि शहर के कुख्यात अपराधी हरीश सिंह को एक विशेष टीम के द्वारा राजगीर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया सीतारामडेरा थाना के दो मामले में अपराधी हरीश सिंह फरार चल रहा था। इसके द्वारा सोशल मीडिया व व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से रंगदारी मांगने का सूचना मिल रही थी। एक विशेष टीम का गठन कर लगातार जानकारी हासिल की जा रही थी। पुलिस को जानकारी मिली की राजगीर के एक होटल में ठहरा है। जहां पर टीम पहुंच कर सत्यापन करने का प्रयास किया। अपराधी हरीश सिंह को पुलिस ने होटल से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि वहां भी उसके द्वारा पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया गया। एसएसपी ने बताया, हरीश सिंह अपना नाम बदलकर होटल में ठहरा था। पुलिस के सामने पहले उसने गुमराह करने के लिए अपना नाम अजय कुमार बताया। वहीं कड़ाई से पूछताछ करने पर कबूल कर लिया। तलाशी के दौरान हरीश के पास चार मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया। एक आधार कार्ड में फोटो हरीश का लेकिन नाम दूसरे का था। इस मामले में सीतारामडेरा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। उन्होंने बताया कि अपराधी हरीश सिंह के खिलाफ शहर व आस-पास के कई थानों में 30 अपराधिक मामले दर्ज हैं। जमशेदपुर पुलिस हरीश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। लेकिन फरार होने के बाद से वह बिहार और झारखंड में लगातार आपना ठिकाना बदलता रहा। एसएसपी ने बताया कि इसकी अगर आपराधिक इतिहास की बात करें तो कई चर्चित मामले में संलिप्त रहा है। पुलिस हरीश को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। साथ ही सीसीए लगाने के लिए अनुसंशा करेगी। उन्होंने बताया शहर में इस तरह के अपराधियों को बक्सा नहीं। अन्य अपराधियों के भी गिरफ्तारी के लिए तलाशी की जा रही है।

## महिला ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष से लगायी न्याय की गुहार



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। रामचंद्रपुर थाना मोड़ के पास रहने वाली महिला का पति बीते 9 महीने से घर नहीं आया। महिला न्याय के लिए बच्चे के साथ दर दर भटक रही है। पीड़ित के अनुसार महिला थाना के हस्तक्षेप से भी मामला नहीं सुलझा। अब महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बैजयंती बारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नीलांचल कंपनी के कर्मचारी पीड़ित महिला के पति राजू महतो से मिलने टीम के साथ पहुंची। मौके पर अधिकारी से भी बात की लेकिन उसके पति महिला को रखने के लिए तैयार नहीं हुआ और धमकी देने लगा। मौके पर बैजयंती बारी ने कहा महिला के दुख में वह साथ खड़ी है, उसको न्याय दिलाकर ही मानेगी। इस अवसर पर खुशबू देवी, सुमन सहित अन्य महिलाए मौजूद रही।

# मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश पर 600 लोगों के घरों तक निःशुल्क पानी पहुंचा




आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लगभग 18000 उपभोक्ताओं को झारखंड सरकार के 100 यूनिट बिजली माफी योजना का लाभ मिल रही है। वहीं मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश पर 600 जरूरतमंद लोगों के घरों तक निःशुल्क पानी का कनेक्शन पहुंचा जा रहा है। रविवार को खुशी में आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र की सैकड़ो जनता ने मंत्री चंपई सोरेन का ढोल- नगाड़ों के साथ स्वागत किया। साथ ही हेमंत सरकार के प्रति आभार जताया। इस दौरान लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी। मौके पर सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सनंद कुमार आचार्य ने बताया झारखंड सरकार के इस फैसले का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंच रहा है। जो झारखंड में हेमंत सरकार की अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही मंत्री चंपाई सोरेन की पहल पर गरीब तबके के लोगों के घरों तक मुफ्त पानी का कनेक्शन पहुंच रहा है। उन्होंने कहा आदित्यपुर नगर निगम की जनता के प्रति मंत्री चंपाई सोरेन की विशेष निगाह रहती है। मौके पर स्थानीय लोगो ने हेमंत सरकार और मंत्री चंपाई सोरेन के पहल की जमकर सराहना की।

# मेगा हेल्थ कैंप में 300 मरीजों का मुफ्त इलाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सामाजिक संगठन दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2024 समय 10 बजे से 3 बजे तक जमशेदपुर के धतकीडीह स्थित कम्यूनिटी सेंटर, सेंट्रल मैदान में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 300 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया,मरीजों को रक्त जांच और दवा भी संस्था की ओर से मुफ्त उपलब्ध करायी गयी। कैंप में जेनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, स्कीन के 26 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। मेगा हेल्थ कैंप में स्वर्गीय दुर्गा दास दत्ता की तीसरे पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी। कैंप में 200 वृद्ध और गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

कैंप में अध्यक्ष सौरभ दत्ता डॉ, शजिया परवीन, डॉ शादाब शैफी, डॉ अंशुमन पटनायक, डॉ शिशिर, रीना दत्ता, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ सुशील कुमार, डॉ राजकिरण, डॉ जसीम अहमद, डॉ आकाश, डॉ वरुण, डॉ अंशुम, डॉ राहुल, डॉ विवेक मिश्रा, डॉ जिकरा, डॉ सुनंदा, डॉ मेघा, डॉ शगूफा, शहजाद कुरैशी, सोमेन दत्ता, का कैंप में सराहनीय योगदान रहा।

## बंगाल के राम भक्त साइकिल से अयोध्या के लिए हुए रवाना, आदित्यपुर में हुआ स्वागत



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होनेवाले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में प्रभु श्रीराम के एक से बढ़कर एक भक्त पहुंच रहे हैं। हजारों ऐसे भक्त जिन्होंने राम मंदिर बनने का सपना संजोया व कठिन मन्नतें रखी थी। उन सभी की मनोकामना पूर्ण हो गयी है। सभी अपने मन्नतें उतारने अयोध्या धाम कुच कर चुके हैं। ऐसा ही एक रामभक्त रविवार को सरायकेला की सड़कों पर साइकिल से गुजरा जिसकी मन्नत पूरी हुई है। रामभक्त युवक का नाम संजय गोराई है। वह पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर का रहनेवाला है। रामभक्त ने पांच साल पूर्व राम मंदिर बनने पर साइकिल से अयोध्या धाम जाने की मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने की खुशी में युवक साइकिल से अयोध्या धाम के लिए निकल पड़ा। रविवार को युवक सरायकेला की सड़कों से गुजरा। जहां जगह-जगह युवक का लोगों ने स्वागत किया। साथ ही कुछ आर्थिक सहयोग भी भेट की। युवक ने बताया उसकी मन्नत पूरी हो चुकी है, जिससे वह अयोध्या धाम जा रहा है। उसने दावा किया कि 22 जनवरी तक अयोध्या धाम पहुंच कर अपने मन्नते उतारेगा।

# जन सेवा में लगे रहते हैं मंत्री मिथिलेश : नितेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** रंका प्रखंड के खपरो उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन सह महाजुटान और वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चौबे मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितेश सिंह ने कहा कि इस महाजुटान वनभोज कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि आने वाले चुनाव की तैयारी के लिए अपने अपने पंचायतों में जाकर जनता के बीच मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों और झारखंड सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने का काम करें। उन्होंने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा गढ़वा विधानसभा के सभी प्रखंडों में विभिन्न मदों से 1600 किमी सड़क बन रही है जो पूर्व के प्रतीनिधियों ने नहीं किया। मंत्री के द्वारा गरीब लोगों को जीवन के हर पड़ाव पर सहयोग देने की परंपरा की शुरूआत किया गया। चाहे वह शादी हो, बीमारी हो, मदनी जिनी, पर्व त्योहार सभी कार्यों में मदद दिया जाता है। विकास के मामले में सड़क, विद्यालय भवन, अस्पताल, कालेज सभी प्रखंड में बनाये जा रहे हैं। गढ़वा की धरती पर खेल स्टेडियम, टाउन हॉल, बस स्टैंड, समाहरणालय, बिरसा पार्क, घंटा घर जिले की शान हैं। इस प्रकार विकास के बारे में जितना भी कहा जाये कम होगा। एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा व आईएमआईएम छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगो को जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी की ओर से पहनकर माला पहनाकर और सदस्यता रशिद काट कर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल किया गया। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, ताहिर अंसारी, राजकिशोर यादव, रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा अध्यक्ष दीपक सोनी, रतन सिंह, मानपुर मुखिया हासिम अंसारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, माता बहन उपस्थित थे।

## 500 लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया



**गढ़वा।** रंका प्रखंड के खपरो में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से 500 वृद्ध और सहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि हेमंत सरकार में कोई भी गरीब और सहायक व्यक्ति ठंड से नहीं ठिठुरेगा। जितने भी गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग हैं सभी को ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो आज कंबल लेने नहीं आ सके और उन्हें कंबल की आवश्यकता है वे झामुमो के पदाधिकारी से संपर्क करें। निश्चित रूप से ऐसे असहाय लोगों को कंबल दिया जायेगा। मौके पर झामुमो के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध आरा मशीन को वन क्षेत्र पदाधिकारी ने किया जब्त



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संध्या गांव में संचालित अवैध आरा मशीन को वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने वन कर्मियों के सहयोग से जब्त किया। इस दौरान लकड़ी का एक बोटा, चार चीरा हुआ लकड़ी और इंजन आदि को जब्त किया गया। मौके पर बनपाल नीरज कुमार मेहता ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अवैध आरा मशीन के संचालन को लेकर गुप्त सूचना मिली रही थी। सूचना के आधार पर वन कर्मियों के सहयोग से संध्या गांव में छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान आरा मशीन और इंजन के अलावे लकड़ी को जब्त कर वन परिसर कार्यालय रमना लाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध आरा मशीन के संचालक की पहचान संध्या गांव निवासी हुसैनी शर्मा के रूप में हुई है। अवैध आरा मशीन संचालक के बिरुद्ध कारवायी की जा रही है। छापेमारी अभियान में बनरक्षी राजू कुमार, कुशराज सिंह, नित्यानन्द तिवारी, रागनी कुमारी, संगीता यादव, राजीव रंजन, राकेश भारती, जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार सहित कयी वन कर्मी शामिल थे।

# दो दिवसीय छठवां प्रांतीय महाधिवेशन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केके यादव संरक्षक, झारखंड राज्य अराजपत्रीत कर्मचारी महासंघ ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि आज अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ त्रिपाठी गुट अपना दो दिवसीय छठवां प्रांतीय महाधिवेशन, विधानसभा पुराना, रांची के सभागार में संपन्न किया गया। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि चंपई सोरेन थे। इस दो दिवसीय महाधिवेशन में प्रांत के प्रत्येक जिले से काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य था, कि प्रत्येक 3 वर्षों में संगठन का चुनाव किया जाता है, आय व्यय का ब्यौरा देना, कर्मचारियों की समस्याओं को प्राप्त करना और सरकार को नये सिरे से मांग पत्र देना आदि पर विचार विमर्श होता है।

आज महाधिवेशन का अंतिम सत्र था। इसमें काफी फैसले लिए गये। कुछ केंद्रीय स्तर की मांग और कुछ राज्य स्तर की मांगों पर विचार विमर्श किया गया। जिनमें प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की उम्र 65 वर्ष रखने की मांग की गयी। साथ ही सभी कर्मचारियों को आयकर की सीमा से मुक्त करने, पुराना पेंशन योजना जो सरकार के द्वारा लागू किया गया है, उसमें उत्पन्न विसंगति को दूर करने, प्रोन्नति उत्पन्न विसंगति को दूर करना, न्यूनतम ग्रेड वेतन 2400 रुपया रखना, इसके अलावा सांगठनिक चुनाव में गढ़वा जिला से राजीव कुमार दुबे, को पुनः राज्य का उपाध्यक्ष और केके यादव को पुनः राज्य का संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा गढ़वा जिला कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया। जिसका 3 माह के अंदर चुनाव कराने का दायित्व संरक्षक केके यादव को दिया गया। अंत में सभा की कार्रवाई समाप्ति की घोषणा अध्यक्ष के द्वारा कर की गयी।

# श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम और निकाली जायेगी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की द्वारा प्रभु श्रीराम लला के होने वाले प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता दौलत सोनी के द्वारा किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में सभी अखाड़ों के लोगों ने प्रभु श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अपने अपने स्तर से भव्य और दिव्य कार्यक्रम करने और शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया। साथ ही साथ समस्त सनातनी रामभक्तों से 22 जनवरी को अपने अपने घरों में संध्या में दीप जलाने और घर के छत पर महावीरी झंडा लगाने का आग्रह किया गया। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि शोभायात्रा दोपहर के 2 बजे काली स्थान मंदिर के प्रांगण से निकलेगी जो कि मुख्य पथ होते हुए रामलला मंदिर में समापन होगी। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त मातायें-बहनें भाग लेंगी। बैठक का संचालन महामंत्री उमेश कश्यप ने की। उपरोक्त बैठक में महामंत्री आचार्य आशिष वैद्य कर्मकांडी, संरक्षक मोहन स्वर्णकार प्संगठन मंत्री पिंटू कुमार ओला, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार छोटू, विवेक सिन्हा, दीनदयाल पासवान, सोनू सिंह आदि के साथ विभिन्न अखाड़ों के सैकड़ो रामभक्तों की उपस्थिति रही।

## वैश्य समाज को हक और अधिकार नहीं मिल पा रहा है : रविंद्र जयसवाल




गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के द्वारा चिनिया प्रखंड में कपिल साह के आवास पर अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया। जिसमें प्रखंड स्तर पर संगठन के विस्तार पर चर्चा हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने अपनी बात को रखा। अध्यक्ष रविंदर जायसवाल ने कहा कि वैश्य समाज के हक और अधिकार जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है, आने वाले समय में वैश्य समाज अपने एकता की ताकत दिखाने के लिए जिला से पंचायत तक संगठन का विस्तार करेंगे और जो वैश्य हीत की बात करेगा, उसी को समाज समर्थन देने का काम करेगा। सर्वसम्मति से चिनिया प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, सचिव अंबिका प्रसाद कोषाध्यक्ष कृष्णा साह को सर्वसम्मति से बनाया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश मंत्री राजकुमार मदेसिया महामंत्री उमेश कश्यप कार्यकारिणी संजय केसरी, कपिल साह, राजेश प्रसाद समेत अन्य लोग थे।

## मुखिया ने मृतक के परिवार को किया सहयोग



केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ताली गांव निवासी संडू साह पिता सोहर साह की पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया था। मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने मृतक का अंतिम संस्कार के लिए खाद्य सामग्री एवं नगद राशि देकर सहयोग किया। साथही परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि मृतक के परिवार को सड़क दुर्घटना में मिलने वाला राशि के साथ पारिवारिक लाभ से लाभांवित किया जायेगा। इस मौके पर अरविंद गुप्ता विमलेश साह मणिलाल गुप्ता, लालजी साह, रामसेवक साह, सुनील राम, डमरु गुप्ता, राजेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, श्याम देव गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में रबदा निवासी अनिल की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के रबदा गांव निवासी विजय चंद्रवंशी का पुत्र अनिल चंद्रवंशी (30 वर्ष) लगभग की मौत बालूमाथ में एक सड़क दुर्घटना में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल चंद्रवंशी बालूमाथ में टेलकम कंपनी टावर में वर्कर का काम करता था। जो रविवार को चार पांच बजे भोर में मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था। किसी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया और जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। अनिल चंद्रवंशी के परिवार के लोग शव को लेने के लिए बालूमाथ के लिए निकल पड़े हैं। समाचार लिखे जाने तक शव नहीं पहुंच पाया है। अनिल चंद्रवंशी अपने पीछे पत्नि और दो छोटे छोटे बच्चे छोड़ गये। परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने कंबल का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** आनंद मार्ग शाखा मेराल द्वारा रविवार को आनंद मार्ग आश्रम में कंबल वितरण समारोह का आयोजन कर करीब एक सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण समारोह का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, डॉ रामानुज प्रसाद, मंडल सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, डॉ लालमोहन आदि ने संयुक्त रूप से आनंद मार्ग के संस्थापक श्री प्रभात रंजन सरकार उर्फ श्रीश्री आनंदमूर्ति जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने आनंद मार्ग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह जन सुविधा और निस्वार्थ सेवा का केंद्र है। जो निः स्वार्थ सेवा के लिए जाना जाता है। इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों, मूकबधिर, दिव्यांग, भटके हुए लोग, मानसिक विक्षिप्त लोगों के बीच कंबल वितरण कर पुनीत कार्य किया गया है। कार्यक्रम को पंसस छाया कुमारी, प्रोफेसर प्रवीण सिंह कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया। जिसे सफल बनाने में रोहित कुमार, मदन यादव, धर्मेंद्र देव, देवब्रत, अशोक, अमरनाथ, आशीष, अंजली, गीतांजलि, गार्गी, नंदनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आज आर के पब्लिक स्कूल अधौरा श्री बंशीधर नगर का चौंथा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया। आज के प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और शैलेश चौबे, ओम प्रकाश चौबे ने संयुक्त रूप से दीप और मशाल प्रज्वलित कर और खेल ध्वज को फहराकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य एनके ओझा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुछ और अंग वस्त्र व विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत किया। स्कूल के मेनीका व ग्रुप के द्वारा स्वागत गान और प्रिया व ग्रुप के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मार्च पास्ट का नेतृत्व अभिनव पांडे व मशाल पास में चारों सदन के छात्र-छात्राओं ने रविकांत चौबे के नेतृत्व में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नगर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा कि शारीरिक खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल होंगे। विद्यालय के प्राचार्य एनके ओझा ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को कमर कस करके अपने रुचि के अनुसार क्षेत्र में लग रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय का यह चौंथा वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आज समापन समारोह था। आज विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर की दौड़, 400मीटर की दौड़, थ्रीलेग रेस, बैलून रेस, मैथ और सेंटेंस फ्रेमिंग रेस, बैक रेस, रीले रेस, ऊंची और लंबी कूद, डिस्क और जेवलीन थ्रो आदि शामिल हैं। इस उत्सवी माहौल में प्रतिभागियों ने अपने दमखम का प्रर्दशन किया। अभिभावकों और स्कूल स्टाफ के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता तथा म्यूजिकल चेयर रेस 100 मीटर का रेस का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उपस्थित सभी अतिथि गण के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर स्कूल स्टाफ और अभिभावकों के बीच आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल स्टाफ रौशन धर दुबे, दिव्या रानी और अभिभावकों में शशिकांत चौबे ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लाकर अपने दमखम का प्रर्दशन किया।

# पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमंत प्रताप देहाती की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी, बांटे गये हजारों कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** समाजवादी नेता सह गरीबों को चहेते बिहार से झारखंड राज्य निर्माण में एक अहम भूमिका निभाने वाले एकीकृत बिहार के पूर्व विधायक और झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय लाल हेमंत प्रताप देहाती के प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पैतृक आवास बतोकला में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके पुत्र पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने पिता श्री देहाती के फोटो पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित दर्जनों नेता और हजारों लोगों ने देहाती के फोटो पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया। लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती अमर रहे की जयघोष किया। वहीं कई नेताओं ने लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के द्वारा जीवन में किये गये अमूल्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 8 अगस्त 1932 में जन्मे लाल हेमंत प्रताप देहाती ऐसे व्यक्ति थे, जो राज परिवार से जन्म लेने के बाद भी उन्होंने राज परिवार की रूढ़िवादी परंपराओं का खुलकर विरोध किया था और छुआछूत की लड़ाई लड़ते हुए अमीरी गरीबी का व्याख्या ही बदल दिया था। सभी को साथ लेकर चलते हुए उन्होंने क्षेत्र का सेवा करते हुए उस समय एकीकृत बिहार राज्य में विधायक के रूप में सदन में जाकर विधानसभा के कर्मियों की स्थाईकरण, बैलों की साप्ताहिक छुट्टी, कनहर की पानी से पलामू क्षेत्र की खेतों में सिंचाई इत्यादि अन्य मामले उठाकर तत्कालीन सरकार का नींद उड़ा दिया था। सरकार को झुक कर लाल हेमंद्र प्रताप देहाती की मांगों को मनाना पड़ा था। वे सादगी जीवन जीने वाले व्यक्ति थे, जीवन में उन्होंने वीआईपी कल्चर का विरोध करते हुए आम जीवन व्यतीत किया। भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी ने अंत में कहा कि देहाती जी ने जीवनकाल में जनता से लिए हुए सभी वादे को पूर्ण कर लिए परंतु खुद का देखा हुआ सपना कनहर के पानी को खेतों तक पहुंचाने वाला कार्य अधूरा छोड़कर ही इस दुनिया से विदा हो गये। अंत समय में भी उन्होंने कनहर का पानी के लिए ही चिंता व्यक्त किया था इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि उनके द्वारा देखे गये सपने को हर हाल में पूर्ण करते हुए नगर और गढ़वा में उनका प्रतिमा लगाकर उन्हें उचित मान सम्मान देने का कार्य करना है। पुण्यतिथि के अवसर पर विधायक भानु प्रताप शाही ने उपस्थित सैकड़ों वृद्ध असहाय महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया, साथ ही चना और सूजी का हलवा अपने हाथों से वितरण कर सभी को पुण्यतिथि कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया।

इस मौके पर भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, मनोज पहाड़िया, भगत दयानंद यादव, मूंगा साह बबलू पटवा, कृपाल सिंह, राजा सिंह, लक्ष्मण राम, बिक्रमा सिंह, बीएम कॉलेज प्राचार्य आरपी शुक्ला, राजू सिंह, अनिल चौबे सहित सकड़ो भाजपा नेता कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ब्राइट फ्यूचर स्कूल सेमी फाइनल में

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल को 42 रनो से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने हम्माद के 41 रनों के सहयोग से छह विकेट खोकर 135 रन का स्कोर खड़ा किया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की और से आरिफ ने दो विकेट झटका। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल ने निर्धारित ओवर में ऋतिक के 36 रन के सहारे आठ विकेट खोकर 93 रन ही बना सका स्कूल ब्राइट फ्यूचर की और से नीरज ने दो विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के हम्माद को सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर उमेश सहाय, गोविंद हाई स्कूल के प्राचार्य विश्व विजय सिंह, संजीत सिन्हा, शिक्षक अभिषेक रंजन मनोज कुमार मौर्य, शिव कुमार नीतीश कुमार,शशि कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर डॉक्टर उमेश सहाय ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, संवेगात्मक विकास, सामाजिक विकास और नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। गोविंद स्कूल के प्राचार्य विश्व विजय सिंह ने कहा कि खेल से बच्चो के विकास में भी काफी मदत मिलती है। खेल खेलने से शरीर में फुर्ती बनी रहती हैं साथ ही खेल से हम स्वस्थ ज़िंदगी जी सकते हैं। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार दुबे, विशाल कुमार, मनोज तिवारी, रोहन तिवारी, प्रबीण, आलोक, प्रिंस, मनीष उपाध्याय, हार्दिक, प्रिंस दुबे, नैतिक, निपुण, अर्णव शामिल थे।

## कुम्हार समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी है : राजेंद्र महतो



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक रविवार को खूंटी जिले के फूटी बाजार टांड में आयशेजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से रांची से सदन प्रजापति, संजय महतो, सिमडेगा से कुम्हार महासंघ से पूना बेसरा और सुबोध महतो उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने कुम्हार समाज की एकता और अखंडता के लिए मिलजुल काम करने पर बल दिया गया।

# भाजपा और आरएसएस डिलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों को बांटने की साजिश कर रहे हैं : बंधु

**आदिवासी एकता महारैली में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जायेगी और आदिवासियों की चट्टानी एकता को प्रदर्शित किया जायेगा।**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आरएसएस एवं भाजपा के लोग वोटों के ध्रुवीकरण के प्रयास में जुट गये हैं। साथ ही डिलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों को बांटने की साजिश करने लगे हैं। ये बातें पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कही। तिर्की रविवार को स्थानीय डाक बंगला में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी साजिश के तहत पिछले दिनों रांची में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले सभा का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि डिलिस्टिंग के नाम पर सिर्फ ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों को जिस प्रकार टारगेट किया जा रहा है और असंवैधानिक बातें की जा रही हैं, उसे लेकर आदिवासी जनाधिकार मंच द्वारा आगामी चार फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया है। आदिवासी एकता महारैली में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जायेगी और आदिवासियों की चट्टानी एकता को प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि लूकर कमेटी को लागू करने पर कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी आदि भाजपा नेता स्वयं डिलिस्टिंग में आ जायेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा चाहे जितना नाक रगड़ ले झारखंड में वे कामयाब नहीं हो सकते। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पीटर मुंडू, विल्सन टोपनो सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप, डीसी को लिखा पत्र

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू महावीर मंदिर चौक के कन्हैया लाल भगत द्वारा जिला परिषद मार्केट कांप्लेक्स बुंडू की चहारदीवारी को तोड़ कर निजी काम के लिए गेट लागाकर सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने का आरोप बुंडू के ही उज्जवला कुमार-सोनु कुमार ने लगा है। इस आशय का एक पत्र उपायुक्त रांची को 19 दिसंार 2023 को दिया गया है। कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

### मुंडा समाज को मजबूत करने पर विचार किया

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाडीह में झारखंड मुंडा समाज की बैठक आयोजित की गयी। इसमें मुंडा समाज जोवार-जगार जोम कार्यक्रम करने का प्रस्ताव रखा गया। इस कार्यक्रम के लिए संचालन कमेटी का गठन किया गया। इसका अध्यक्षता द्रोपदी मुंडा, संचालन पांडा मुंडा ने किया। इसमें मुंडा समाज को मजबूत करने का विचार आया। कहा गया कि जा भी झारखंड के मुंडा समाज के सदस्यों के इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सभी एकमत होकर जुटे। इसमें पुर्णचंद्र मुंडा, लधूदेव मुंडा, उदारकांत मुंडा, सोनु मुंडा, अनिल सिंह मुंडा, हीरा मुंडा, पांडा मुंडा, पार्वती देवी, सालु कुमारी, सीता देवी, जेहला टूटी, दीना सांडिल, मंटु कुमार मुंडा, विष्णु मुंडा, महेश मुंडा, संतोष मुंडा, सनिका मुंडा, ईश्वर दयाल सरदार, फूलचांद सरदार, एतवा मुंडा, पूर्णचंद्र सिंह मुंडा, बिरसा मुंडा, रंजन मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### पंचपरगनिया भाषा विकास का वनभोज



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पंचपरगनिया भाषा विकास केंद्रीय समिति बुंडू के द्वारा वनभोज सह पुस मिलन समारोह का आयोजन बुंडू स्थित सूर्य मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ दीनांधु महतो ने पंचपरगनिया संस्कृति और टुसू पर्व की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसू नामक कन्या काशीपुर राजा की पुत्री थी। उसकी स्मृति में टुसू पर्व का आयोजन किया जाता है। समिति के सचिव डॉ करम चंद्र अहिर ने वर्तमान पीढ़ी को अपनी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए आगे आने का एलान किया। टुसू पर्व पंचपरगनिया संस्कृति की धरोहर है। इसे संरक्षण देकर टुसू संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने की बात कही। इस अवसर पर गरेहैंद्र नाथ गोंझू, प्रो लखींद्र मुंडा, प्रो लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, हलधर अहिर, सहदेव महतो, दिनेश प्रसाद सिंह, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, रमाकांत महतो, पुरेंद्रनाथ अहिर, राजकिशोर स्वांसी, प्रो विद्यासागर यादव, प्रो कृष्ण सिंह मुंडा सैनाथ सिंह मुंडा, रूपेश, सुदर्शन, धर्मेंद्र, चंद्रदेव आदि उपस्थित थे।

### पूजित अक्षत का वितरण किया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या राम मंदिर में पुजित अक्षत को रविवार को आदर्श नगर, पतरा, महावीर मंदिर गली में वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री राजीव झा, नगर अध्यक्ष शिवराज सिंह, नगर उपाध्यक्ष मयंक मिश्रा, मानस मिश्रा, सुकरा महतो, गुरुपद महतो, नीलकांत महतो, कमलेश कुमार, विनय सिंह, पुजा कुमारी व अन्य शामिल थे।

### विधायक के निर्देश पर कंबल वितरित किया गया

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोकाहातू गांव में रविवार को विधायक सुदेश महतो के निर्देशानुसार विधायक प्रतिनिधि ने 180 जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर सभी लोग खुश हुए और विधायक का आभार व्यक्त किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुखदेव पातर मुंडा, त्रिोनी सिंह मानकी, आंनद मुंडा, सत्यवान मांझी, जगरनाथ मांझी उपस्थित थे।

### राहे पंचायत आजसू महिला प्रभारी का चयन

**राहे (आजाद सिपाही)।** महेशपुर गांव में राहे आजसू महिला कमेटी के द्वारा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राहे पंचायत के लिए प्रभारी चयन करने का प्रस्ताव पारित हुआ। सर्वसम्मति से देवयानी शाहा एवं मंजुड़ा देवी का चयन राहे पंचायत प्रभारी के रूप में किया गया। राहे पूर्वी और पश्चिमी में क्रमश: प्रभार में रहेंगे। बैठक में महिला प्रखंड अध्यक्ष मीरा महतो, कोषाध्यक्ष नीता देवी, ग्राम प्रभारी यशोदा देवी, करुणा देवी, जयंती देवी, बीना देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, पार्वती देवी आदि मौजूद थीं।

### बाल विकास विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** हरि सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विधालय लोटा में अध्यनरत छात्राओं ने राज्य स्तरीय काराटे प्रतियोगिता टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेल गांव रांची में आयोजित 07 जनवरी 2024 झारखंड स्टेट गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में किरण कुमारी ने सिल्वर मेडल एवं कुमारी बसुंधरा, माया कुमारी, प्रिती कुमारी ने ब्रोंच मेडल जीत कर लोटा सिल्ली का नाम रोशन किया है! झारखंड स्टेट गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में विजय प्राप्त छात्रोंओ को काराटे प्रशिक्षक कार्तिक चंद्र महतो एवं विधालय संचालक नरसिंह प्रजापति ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है!

### साधक गुरु परिवार ने किया हवन-पूजन




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पंचपरगना सिद्धाश्रम साधक गुरु परिवार तमाड़ बुंडू के द्वारा रविवार को तमाड़ दिउड़ी मंदिर प्रांगण में जोधपुर से परम पूज्य गुरुदेव श्री अरविन्द श्री माली जी के सानिध्य एवं आशिर्वाद से ध्यान, हवन, गुरू पुजन, दीक्षा, प्रवचन, साधना, एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचपरगना क्षेत्र के सुख, शान्ति, समरिद्धी हेतु सैकड़ों गुरु भाई बहनों ने उपस्थित होकर कामना की। साथ ही अनेक लोगों ने गुरू दीक्षा भी ली। झारखंड राज्य के सभी जिलों से गुरु भाई बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी। साथी पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बने कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप चेल, विमल पातर,भुवनेश्वर प्रमाणिक, रमेश नायक, सनत चेल, दिनेश प्रजापति, डॉक्टर आरके हाजरा, गोपी महतो, भूतना बाबा, कवि नायक, प्रकाश अधिकारी, उमेश नायक, स्वपन चेल, अशोक महतो, दिनेश गोझु, गुडडु वर्मा, दीपक प्रजापति, दिलीप प्रमाणिक, सत्यनारायण अधिकारी, महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 16 साल पहले अनुमंडल का दर्जा आज भी बुंडू में सुविधाओं का टोटा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना के लोगों के अथक संघर्ष और प्रयास से बुंडू को अनुमंडल का दर्जा सोलह वर्ष पहले मिला गया, लेकिन सुविधाएं नहीं मिली। इस कारण लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं। लोगों के मन में आशा जगी थी कि बहुत सारे काम बुंडू अनुमंडल में हो जायेंगे, लेकिन यह ख्वाब बनके रह गया है। बुंडू अनुमंडल आ भी सुविधाओं के नाम पर फिसड्डी है। बुंडू अनुमंडल को लेकर सरकार का रवैया भी उदासीन रहा है। बुंडू अनुमंडल कार्यालय में विगत पांच वर्षों से भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अनुमंडल कलयाण पदाधिकारी का पद रिक्त है। इनके प्रभाव में अनुमंडल पदाधिकारी कार्यरत है। इसके अलावा अनुमंडल कार्यालय में एक भी स्थाई सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। विभिन्न अंचलों और प्रखंडों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति कर कार्य का संचालन किया जा रहा है, जिस कारण स्थानीय लोगों का समय अनुसार कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा पिछलो पांच महीने से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया गया है। सिल्ली में पदस्थापित डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के प्रभार में बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यरत है। इसके अलावा बुंडू में माप तोला और कृषि बााजार समिति के भी पदाधिकारी कर्मचारी नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कराना हम सबका दायित्व : नीलकंठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** शहर के लोबिन बागान स्थित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के आवासीय परिसर में रविवार को मुरहू प्रखंड के गनालोया, बिचना, कुंजला एवं हस्सा पंचायत के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव, कस्बों में लोगों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष के सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए मिलजुल कर काम करें, ताकि अर्हता पूरी करने वाले सभी नवमतदाता मतदान के अपने अधिकार से वंचित ना रह सकें। बैठक का संचालन विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश जायसवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मुरहू मंडल अध्यक्ष राम बिहारी लाल, गोमेश्वरी पाहन, नरेंद्र अधिकारी, सुरेश अकेला , सुरेश प्रसाद, बालगोविंद महतो, दानीयल डुंगडुंग, फेकला मांझी, कुंजला पंचायत की मुखिया सावित्री देवी, विजय राम, जगन्नाथ मुंडा, प्रसून मांझी, दुर्गा महतो, रोहित मांझी, कमल मुंडा, सुखमोहन नायक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने सांसद जयंत सिन्हा को कराया क्षेत्र की समस्या से अवगत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के डेमोटांड ऋषभ वाटिका आवास पर आयोजित नववर्ष कार्यकर्ता मिलन समारोह मे पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा और टंडवा प्रमुख रीना कुमारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात किया। वही सांसद जयंत सिन्हा ने प्रमुख रीना कुमारी को सैकड़ो आदिवासी महिला समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने पर बधाई दिया। इस दौरान प्रमुख रीना कुमारी एवं मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। जिसमे कारों से लेकर चौकीटांड होते हुए दोमुहान की रोड एवं पुल बनाने की मांग की। इसके अलावे राय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव, सड़क निर्माण रोड सहित कई समस्याओं को प्रमुखता के साथ सांसद जयंत सिन्हा को अवगत कराया। इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, अरूण उरांव, अरविंद सिंह,संजय कुमार भोगता, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,अजय सिंह, विजय लाल, गोपाल सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र मैकलुस्कीगंज में बांटा



**मैकलुस्कीगंज।** अयोध्या में स्थित श्री राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर 22 जनवरी को प्रत्येक घरो में पांच दीपक जलाने और अयोध्या से आया पूजित अक्षत पुष्प और निमत्रण पत्र बाटने की मुहिम शुरू हो गयी है। इसी अभियान के तहत रविवार को मैकलुस्कीगंज के नावाडीह लपरा, हेसालोंग मायापुर शिव मंदिर में पूजित अक्षत पुष्प और पत्रक से पूजन कर घर घर अक्षत पुष्प पत्रक देने एव अक्षत वितरण अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर संसद प्रतिनिधि शैलेंद्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खुशी क्लास अब हर घर की जरूरत हो गयी है : क्षेत्री हेमरोम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड की उड़िकेल से खूंटी जिले के लिए खुशी मिशन का शुभारंभ रविवार को किया गया। उड़िकेल पंचायत सचिवालय से जरियागढ़ के थाना प्रभारी चूडामणि टुडू, जिप सदस्य जोरंग आइंद, मुखिया क्षेत्री हेमरोम, पंचायत समिति सदस्य पौलुस होरो सहित ग्रामीणों ने खुशी रथ को झंडा दिखाकर रवाना किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जोरोंग आईन्द, मुखिया क्षेत्री हेमरोम पंचायत समिति पौलुस होरा कहा कि खुशी क्लास अब हर घर की जरूरत हो गयी है। समाज में जिस जिस तरह तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही है, ऐसे में इसका इलाज खुशी क्लास ही है। कोई दवा नहीं, कोई विकल्प नहीं, बस सकारात्मकता के साथ कभी भी खुशी का साथ नहीं छोड़ें। रथ रवानगी के बाद बिकुवादग, निधिया गांव में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि जिंदगी जिंदादिली से जीने के लिए है। यूं ही गंवाने या गुजारने के लिए नहीं। यह तभी संभव है, जब आप अंदर से खुश रहेंगे। यह खुशी सकारत्मकता के गर्भ से जमन्त लेती है। चौहान ने सकारात्मकता की शक्ति को दशार्ती कहानी सुनाई कि एक राजा की एक आंख और एक पैर नहीं थें। एक दिन राजा महल के गलियारे में लगे अपने पूर्वजों की पेंटिंग देख रहे थे। बलशाली, हृष्ट-पुष्ट पूर्वजों को देखकर सोचने लगे कि मेरी भी पेंटिंग कभी न कभी लगेगी। इतने अच्छी पेंटिंग के बीच मैं दिव्यांग काफी खराब दिखूंगा।

## सरना धर्म कोड आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन : सोमा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** सरना धर्म समन्वय समिति के तत्वावधान में खूंटी के कचहरी मैदान में रविवार को विशाल सरना धर्म कोड महारैली आयोजित की गयी। खूंटी के विभिन्न मार्गों से सरना धर्मावलंबियों का जत्था खूंटी पहुंचा और विशाल महारैली में तब्दील हो गया। लोग बैनर, सरना झंडा, ताख्ती तथा पोस्टर के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। कई लोग सरना कोड महारैली के समर्थन में शरीर पर सरना धर्म कोड की मांग पेंट कर शामिल हुए। सरना धर्मावलंबी मैदान में इकट्ठा होने के पश्चात धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा एवं धर्मगुरु भैयाराम मुंडा की अगुवाई में गांव के पहानों और सरना धर्मावलंबियों साथ पूजा-पाठ कर भगवान सिङबोंगा से खुशहाली की कामना की। महारैली को संबोधित करते हुए धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है। यह सभी धर्मों का आधार और संरक्षण है। सरना धर्म में लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास है, लेकिन राजनीतिक महत्वाकांक्षा के कारण भारत सरकार ओर राज्य सरकार सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है। सरना धर्म कोड के अभाव के कारण न केवल आदिवासियों की धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है, बल्कि सरना धर्म पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है। सरना, जायर, देशाउलि, श्मशान, जतरा स्थल नष्ट होते जा रहे हैं। इसलिए केंद्र सरकार यथाशीघ्र सरना धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पहल करे।

### लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का आयोजन

# पिछड़े होने की मानसिकता से बाहर निकलें : न्यायमूर्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिले के कन्या मध्य विद्यालय सभागार में रविवार को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम खूंटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विश्वासी टोपनो और चंद्रावती ने घरेलू हिंसा और डायन प्रताड़ना के अनुभव साझा किए। न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक, जज झारखंड उच्च न्यायालय ने महिलाओं के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करने की सामूहिक शपथ ली। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को जागरूक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस डॉ एसएन पाठक ने उपस्थित दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़े होने की मानसिकता से आज बाहर निकलने की जरूरत है। न्याय होने से ज्यादा जोर न्याय के दिखने पर हो और यह तभी संभव है जब सभी प्रकार की कुरीतियां दूर हो जायेंगी।

हमारा संविधान हमारे लिए है, न्याय प्रणाली यहां के लोगों के लिए है। उपायुक्त ने बताया कि 25 नवंबर से यह राष्ट्रीय अभियान चल रहा है।

## विधायक के प्रयास पर लगाया ट्रांसफार्मर

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड तिलाईपिड़ी गांव के मध्य टोला और सेरेंगडीह गांव में विधायक सुदेश महतो की पहल पर 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। दोनों गांव में 15 दिनों से 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक सुदेश महतो को दिया। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुये विधायक सुदेश महतो ने दोनों गांव में नया ट्रांसफार्मर भेज कर लगवा दिये है। नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन आज विधायक प्रतिनिधि, आजसू सोनाहातू पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष रमेश सिंह मुंडा करेंगे।

# नववर्ष के पहले पर्यटन स्थलों पर उमड़ा सैलानियों का सैलाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** आंग्ल नव वर्ष के पहले रविवार को खूंटी जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले के प्रसिद्ध पेरेवांघाघ जलप्रपात, पंचघाघ जलप्रपात, सप्तधारा, पाडूपुड़िंग, उलूंग, प्रेमघाघ जलप्रपात, लटरजंग डैम, लतरातू जलाशय, पंगुरा जलप्रपात, चचंला घाघ सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर रविवर को सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पेरवांघाघ, पंचघाध जैसे पिकनिक स्थलों पर तो भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी कि लोगों को खाना बनाने और बैठने के लिए जगह तलाशने में काफी समय गुजारना पड़ा। कहीं लोग डीजे की धुन पर थिरक रहे थे, तो वहीं पकवानों की सुगंध आ रही थी। लोगों ने परिवार और मित्रों के संग पिकनिक का जमकर लुत्फ अठाया। न्यायिक अधिकारी के आगमन को लेकर आम लोगों के लिए पांडूपुड़िंग जल प्रपात पर जाने पर रोक झारखंड उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने रविवार कों पांडूपुड़िंग जल प्रपात में नव वर्ष का लुत्फ उठाया। न्यायाधीश के आगमन को लेकर प्रशासन ने आम लोगों के लिए पाडूपुड़िंग जाने पर रोक लगा दी। सभी सैलानियों को पांडूपुड़िंग के बदले पेरवांघाघ जाने का फरमान प्रशाासन ने जारी कर दिया। इसके कारण पेरवांघाघ में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों को वाहनों को पार्क करने मं भाी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# भाजपा बिना भेदभाव के सभी का विकास करती है : अमर बाउरी

**भाजपा कार्यकर्ता स्नेह मिलन सह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची जिला ग्रामीण अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को खिजरी मंडल अंतर्गत कुटियातू पंचायत के चटकपूर गांव में कार्यकर्ता स्नेह मिलन सह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज राम व मंच संचालन गोरखनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विशिष्ट अतिथि रांची सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा रांची जिला ग्रामीण मंत्री अशोक नायक के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा बिना भेदभाव के सभी का विकास करती है। कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। कई लोग अयोध्या पहुंचे बिना इस आयोजन का गवाह बनना चाहते है। सभी लोगों से 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के दिन हर घर मंदिर में दिवाली मनाने और श्रीराम ज्योति जलाने की अपील की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भाजपा नेता सह जिप सदस्य रामावतार, समीर राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर वितरित किया गया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन हर सनातनी की वर्षों पुरानी यह अभिलाषा 22 जनवरी को पूरी होने जा रही है। जिसको लेकर सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। हर कोई इस अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने को उत्सुक दिखायी दे रहा है। इसी कड़ी में रविवार को चाणक्य नगर के प्राचीन शिव मंदिर से लेकर पतरा टोली, बरगावां के 151 घरों मे अक्षत का वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश नेता के नेतृत्व मे घर घर जाकर अक्षत वितरण करते हुये आग्रह किया कि आने वाले 22 जनवरी को जब अयोध्या में भगवान रामलला विराजेंगे, उस दिन पूरे नामकुम के घरों में कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाये। मंदिरों में भजन कीर्तन करे, मिठाई बांटे, दीपावली उत्सव राम ज्योति जलाकर मनाये। हर घर में एक रामनमी झंडा लगाये। सभी धर्मो के लोग इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर दिवाली उत्सव मनाने का निमंत्रण स्वीकार कर रहे है। इसी क्रम में मो आरशाद खान, मो दानिश, अनु बेक ने भी अक्षत और निमंत्रण स्वीकार करते हुये 22 जनवरी को दीप जला कर उत्सव मनाने का निर्णय लिया। मौके पर अनिल कुमार, नन्द किशोर सिंह, पृथ्वी सिंह, सत्येंद्र गोप, कृष्णा कुमार, सूरज सिंह आदि मौजूद थे।

## पूर्व वीसी ने मृतक पड़हा राजा के परिजनों को आर्थिक मदद दी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डा रवीन्द्र नाथ भगत रविवार की शाम बेड़ो प्रखंड के सरनाटोली गांव पहुंचे। इस दौरान डा भगत ने सरनाटोली गांव निवासी मृतक 10 पड़हा राजा कोमल उरांव के परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक मदद किया। साथ ही परिजनों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। परिजनों ने उन्हें बताया कि 10 पड़हा राजा कोमल उरांव की मौत गत रविवार को बीमारी के कारण हुई थी। इस दौरान डा भगत ने कहा कि पड़हा समाज उत्थान व पड़हा संगठन को मजबूत बनाने में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं मौके पर प्रो मंगा उरांव व भोला उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो में स्वांसी, पांड़ समाज उत्थान संघ की बैठक में शिक्षा पर दिया विशेष जोर



बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मंदिर स्थित विवाह मंडप के परिसर में रविवार को रांची जिला स्वांसी, पांड़ समाज उत्थान संघ के अध्यक्ष विश्वकर्मा स्वांसी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जहां रांची जिला और खूंटी जिले से कई प्रखंडो के स्वांसी समाज के सदस्यों ने भाग लिया। जिनमें बेड़ो, लापुंग, नगड़ी, अनगड़ा और नामकुम प्रखंड के लोग शामिल हुए। बैठक में स्वांसी समाज के वक्ताओं ने कहा कि इस समुदाय को एक आर्दश समाज के रूप में स्थापित करना है। नशा मुक्त समाज बनाना है। साथ ही शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गयी और एक शिक्षित समाज की स्थापना किये जाने का संकल्प लिया। साथ ही स्वांसी, पांड़ जाति के लोगों का झारखंड की जाति सूचि में संशोधित कराए जाने की बात कही। जिससे जाति प्रमाण पत्र से वंचित विद्यार्थियों को ऊंच शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। वहीं समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया जा सके। बैठक में बलिराम स्वांसी, विश्वकर्मा स्वांसी, बाल्मिकी स्वांसी, बसंत स्वांसी, विजय स्वांसी, मनीष स्वांसी, प्रवीण स्वांसी, जितनाथ स्वांसी, कृष्ण स्वांसी, सुनीता स्वांसी, तेतरी स्वांसी, संतोष स्वांसी व हीरा मनी स्वांसी समेत समाज के कई लोग मौजूद थे।

## नल-जल जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी के रानीखंटगा गांव में रविवार को प्रमुख किरण उरांव और मुखिया राजन किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से नलजल जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रमुख ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी जलनल योजना गांवों के लिए मील का पत्थर होगा। खाश कर घर-घर पाईप द्वारा नल से जल आपूर्ति गांव के महिलाओं को काफी राहत मिलेगा। अब महिलाओं को पानी के लिए दूर नही जाना होगा। उन्होंने लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुखिया राजन किस्पोट्टा, पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी, रंथू, लखन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पिठोरिया में न्यू सहिया होटल का उद्घाटन



पिठोरिया(आजाद सिपाही)। कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठक, पंचायत समिति सदस्य श्रवण गोप, मुखिया मुन्नी देवी, गौरी देवी और रुक्मिणी देवी के द्वारा पिठोरिया में न्यू सहिया होटल का उद्घाटन किया गया। इस होटल में उचित मूल्य पर देसी मटन और चावल की सुविधा ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा। होटल पिठोरिया-रांची मार्ग में पिठोरिया चौक के समीप मुड़हर पहाड़ के नीचे स्थित है। होटल के प्रोपराइटर सतीश कुमार रजक ने बतलाया कि शादी- विवाह, जन्म उत्सव और अन्य अवसरों पर होने वाली पार्टियों के लिए ग्राहकों के आर्डर पर खाना और अन्य सुविधा दी जायेगी। होटल खुलने से क्षेत्र के लोग बहुत खुश हैं। उद्घाटन के मौके पर नागपुरी के प्रसिद्ध गायक इगनेश कुमार, राजेश गोप, कलेश्वर गंझू, लेखराज राम, दीपक चौरसिया, भूपेश नायक, विनोद रजक सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शिक्षा और संस्कार हमारे जीवन का आधार : वाणी राय

**बेड़ो में मारुति मंगल परिवार ने 5100 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



महादानी मैदान बेड़ो में दिव्यांग जनों के बीच कंबल का वितरण अतिथि।

**बेड़ो।** महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर रविवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक और सामाजिक संस्था के तत्वावधान में कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां संस्था के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रखंड के 5100 बुर्जुगों और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय ने कहा कि शिक्षा और संस्कार हमारे जीवन का आधार है। शिक्षा और संस्कार एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है, जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा तभी वह परिवार, समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा मारुति मंगल परिवार समाज सेवा के कार्य में तत्परता के साथ जुटी है।

सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि मारुति मंगल परिवार एक छोटे से गांव से शुरू हुआ और आज सात जिलों में समाज हित में सराहनीय कार्य कर रहा है। वहीं अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं। समाज में फैली कुरीतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्प है। कार्यक्रम को प्रेम सागर महतो, भीखा उरांव, मुकुंद महतो, राकेश कुमार कैलाश कुमार, सुरेंद्र महतो ने कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया। संचालन संदीप रुद्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा महतो, बबलू अनुपम संदीप, संजय सुरेंद्र, सुदीप सतनारायण, सुमंती मुंडाईन समेत मारुति मंगल परिवार के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## रामकुमार पहान के सौजन्य से विकलांग और अनाथ बच्चों में चना और गुड़ वितरित किया



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक रामकुमार पहान के सौजन्य से महर्षि वाल्मीकि विकलांग और अनाथ कल्याण सेवा आश्रम सहेदा के बच्चों के बीच चना और गुड़ का वितरण किया गया। पूर्व विधायक पहान ने कहा कि विकलांग और अनाथ बच्चों के लिए इस तरह का प्रयास बहुत सरहानीय है। मैं संस्थान के सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर बीआईटी मेसरा के सहायक रजिस्टार शौरव कुमार, समाज सेवी रीतु महतो आदि उपस्थित थे।

## घर-घर जाकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत बांटे



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व मातृ शक्ति ओरमांझी के नेतृत्व में ओरमांझी में अयोध्या से आयें पुनीत अक्षत को लेकर गाजे बाजे महावीर पताके हाथों में लेकर राम भक्तों की टोली दुर्गा महादेव मंदिर से निकल कर भगवान गणेश व कार्तिक का वेशभूषा धारण किए बच्चे जय श्री राम के जय कारे लगाते गांव के सभी गली टोला में पहुंचकर लोगों को अक्षत देकर अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों व आस पास साफ सफाई कर पुजा पाठ कर घरों में दिये जला कर दिपावली मनाने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में विहिप ओरमांझी प्रखंड मंत्री शशि मेहता, बजरंग दल कामेश्वर महतो और मातृ शक्ति के ललीता मेहता, गिरधारी महतो दीपक बडाईक, संतोष गुप्ता, संतोष कुशवाहा, राजेश गुप्ता ,दिलीप मेहता, अजीत महतो, मुकेश पांडेय, आनंद महतो, गुड्डू साहू, विजय पांडेय, भोली नायक, राजगौरव तिवारी, राजकिशोर शुक्ला, मनोज महतो, रूपेश साहू, सुनील महतो विकाश मेहता, सचिन सिंह, अजय मेहता, नितेश मेहता, रोहन वर्मन, अनुभव, रवि, किरन देवी, रीना देवी, बसंती देवी, दिपा चौरसिया, छाया देवी, सोनी, गीता, डालेश्वरी देवी, ममता, कविता, उषा, अनीता, पुजा सहित काफी संख्या में धर्मावलंबी शामिल थे।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमत्रंण देने का अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



नगड़ी में हिन्दू संगठन के लोग सनातन धर्मप्रेमी के बीच आमंत्रण पत्र देते

**पिस्कानगड़ी।** अयोध्या में बन रहे श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नगड़ी प्रखंड के सनातन धर्मप्रेमी, रामभक्तों और श्रद्धालुओं के बीच निमत्रंण देने का अभियान चलाया गया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं के द्वारा नगड़ी चौक से चेकपोस्ट, नगड़ी, केसरी मुहल्ला, भगत मुहल्ला डोका टोली, सरना टोली, तुसमू पिस्का चांदनी चौक टोला सहित कई गांव में डोर टू डोर तक अयोध्या से आये पवित्र पुजित अक्षत, राममंदिर बना चित्र कार्ड आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को घरों में दीपोत्सव मनाने का पत्रिका स्नेह पुर्वक आग्रह किया। इधर लोगों ने आमंत्रण पत्र पाकर लोग धार्मिक रूप से गदगद हो गये और सप्रेम दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम कर आमंत्रण स्वीकार किया। मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया कि सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे पुज्य आराध्य भगवान राम अयोध्या में भव्य रूप से बना राम मंदिर में आगमी 22 जनवरी को विराजमान हो रहे हैं। इसलिए हमें अपने-अपने गांवों के मंदिरों और घर-घर में दीपोत्सव मनाएं और भजन कीर्तन का आयोजन करें। मौके पर आर एस एस रांची विभाग कार्यवाह डॉ सुनील, जिला सह कार्यवाह महावीर महतो, समाजसेवी शाशि भुषण भगत, बलराम सिंह, शीला देवी, राकेश केसरी, दिलीप महतो, रवि प्रकाश सोनी, ललित केसरी, श्याम किशोर महतो, दीपक केसरी, दीपक महतो, संतोष केसरी, हरिनंदन केसरी, भोला केसरी, आलोक कुमार पप्पू सिंह, कार्तिक कुमार शिव चौधरी सहित दर्जनों लोग शामिल थे

## बैधनाथ धाम की यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मंदिर बेड़ो के परिसर से रविवार को चार धाम की तीर्थयात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ।इस दौरान तीर्थयात्रियों का जत्था तीर्थस्थलों में बैधनाथ धाम, बासुकीनाथ नाथ, तारा पीठ, काली मंदिर, जगरनाथ मंदिर का दर्शन और भ्रमण करेगा। इसके बाद तीर्थयात्रियों का जत्था पुनः बेड़ो लौटेगा। इसके पूर्व तीर्थयात्रियों ने महादानी मंदिर में बाबा भोलेनाथ के दरबार पर मत्था टेका और पूजा अर्चना कर मंगलमय यात्रा की कामना किया। इस दौरान ग्रामीणों और स्वजनों ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं को रवाना किया। मौके पर यात्रियों में सुदर्शन महतो, कमल नाथ महतो, उर्मिला देवी, पुतुल देवी, दुलारी देवी, केतन साहू उषा देवी समेत कई यात्री शामिल हैं।

## साई मंदिर में 16वां साई महोत्सव धूमधाम से मना



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साई मंदिर सरसा में श्री साईं सेवा समिति, रांची के तत्वावधान में लापुंग साईं मंदिर में 16वां श्री साईं महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री साईं भगवान जी की वंदना और पालकी यात्रा कर निकली गयी। इसके पूर्व 5बजे सुबह काकड़ आरती, नव बजे भोग खीर, पंचमेवा, बढ़ बजे मध्याह्न आरती, शाम पांच बजे धूप आरती और दस बजे रात में सेज आरती के साथ इस दौरान दौरान साई भजनों की धुम में श्रद्धालु खुब झुमे। साथ ही मंदिर परिसर को फुलों से आकर्षक सजाया गया था। गुलाब पुष्प द्वारा श्री साईं भगवान जी का श्रृंगार किया गया। जागरण मंडली के द्वारा भक्तिमय संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया, साथ ही इस महोत्सव मे समिति की ओर से सूजी हलवा, खिचड़ी का प्रसाद के रूप मे भक्तों के बीच बांटी गई ,इसमे सैकड़ो भक्तों ने इस भंडारे का लाभ उठाया। मुख्य पुजारी विभीषण पांडेय पंच्याक्षरी स्वामी, जगेश्वर भगत, मंदिर के प्रबंधक मनोज उरांव, शिरडी साईं ग्राम विकास केंद्र के अध्यक्ष संतोष चौरसिया सचिव सत्येंद्र भगत, कोषाध्यक्ष अमित लाल, लेखापाल राजेंद्र राम और पूर्व मुखिया संतोष तिर्की ने सराहनीय योगदान किया।

# अबुआ आवास योजना में अधिकारियों की अनदेखी को लेकर मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया

**रमेश उरांव ने कहा कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्राम प्रधान संघ सरकार के विरुद्ध न्यायालय जाने के साथ ही आंदोलन करने पर मजबूर हो सकता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश उरांव ग्राम प्रधानों की अबुआ आवास योजना में अधिकारियों के द्वारा की जा रही अनदेखी को लेकर पंचायती राज विभाग के मंत्री से समस्याओं से अवगत कराया। सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास झारखंड प्रदेश के गरीब असहाय लोगों को आवास देने की योजना है, जिसमें पात्रता मापदंड के अनुसार लाभुकों का अंतिम प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा के द्वारा किया जाना है। उस संबंध में मंत्री जी को विस्तार से अवगत कराया गया और श्री उरांव ने कहा कि झारखंड प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था और पेसा कानून लागू है। अधिसूचित/अनुसूचित क्षेत्र में पेसा एक्ट 1996 के अनुसार जितने भी तरह के सरकारी योजना का चयन और क्रियांवयन ग्राम सभा परंपरागत ग्राम प्रधान, मुंडा, मानकी, मांझी, पाहन, महतो या किसी अन्य नाम से जाना जाता है, वहीं ग्राम सभा की अध्यक्षता कर सकते हैं। गैर अधिसूचित/अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत के मुखिया को ग्राम सभा का अध्यक्षता करने का अधिकार है। परंतु वर्तमान में अबुआ आवास के लाभुकों का अंतिम प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा से की जा रही है, जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत के मुखिया कर रहे हैं। अनुसूचित क्षेत्र में जो गलत है जिसका विरोध करते हैं। हम सभी ग्राम प्रधान संबंधित विभाग के मंत्री से मिलकर त्वरित कार्रवाई का मांग किया है। मंत्री ने आश्वस्त किया कि मैं शीघ्र इस पर कार्रवाई करेंगे। रमेश उरांव ने कहा कि जल्द कार्रवाई नहीं हुआ तो ग्राम प्रधान संघ सरकार के विरुद्ध न्यायालय जाने के साथ ही आंदोलन करने पर मजबुर हो सकता है। ग्राम प्रधानों की अनदेखी से संबंधित मामले को विधायक राजेश कच्छ्प के नेतृत्व में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा से मिलकर प्रतिनिधि मंडल ने सुधार करने के लिए मांग पत्र सौपा है। प्रतिनिधि मंडल में रमेश उरांव, ग्राम प्रधान दीपक मुंडा, सुखराम पाहन, कैलाश बेदिया, विजय बेदिया और सैकड़ो ग्राम प्रधान मुख्य रूप से शामिल थे।

## हुंडरू, जोन्हा, सीता जलप्रपात और गेतलसूद डैम में सैलानियों की उमड़ी भारी भीड़



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। नव वर्ष के पहले रविवार होने के कारण प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल हुंडरू, जोन्हा, सीता जलप्रपात और गेतलसूद डैम सैलानियों से गुलजार रहा। एक जनवरी की तुलना में इस बार काफी भीड़ दिखी। हुंडरू जलप्रपात पर्यटन स्थल घुमने आये बांकुड़ा बंगाल की एक पर्यटक सुमित्रा कूंडू की दाहिना पैर जलप्रपात के नीचे सेल्फी लेने के दौरान फिसलने से टूट गया। जिसको पर्यटन कर्मी के द्वारा खटिया से ढोकर उपर लाया गया। तथा बेहतर इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा गया। युवा काफी उत्साहित थे। पूरा क्षेत्र नागपुरी और हिंदी गानों से गुंजायमान था। सभी पिकनिक स्पॉटों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। पुलिस और पर्यटन कर्मियों के अलावे सिकिदिरी और अनगड़ा थाने की पुलिस दिन भर गस्ती करती नजर आयी। सुरक्षा व्यवस्था में पर्यटन कर्मी राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, राजेश महतो, रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया सहित अन्य मौजूद रहे।

पर्यावरणविद ने पौधरोपण के बाद बैटिंग कर क्रिकेट मैच का किया औपचारिक शुभारंभ

# राष्ट्र की धरोहर है युवा खेल और कला संस्कृति : कौशल

**क्षेत्र के दो अलग-अलग धर्मों के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के तहत किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पर्यावरण धर्म के तहत वृक्षारोपण करते पर्यावरणविद कौशल किशोर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के चराई पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित मैच का औपचारिक शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने टॉस के उपरांत बैटिंग कर किया। उन्होंने क्षेत्र के दो अलग-अलग श्राद्धकर्मो में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण भी किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा कला व संस्कृति वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र का धरोहर होते है। उसकी हिफाजत करना समाज के सभी लोगों का परम दायित्व होता है। क्योंकि विश्व का विकास का बुनियाद उस देश का युवा होते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में खिलाड़ियों और प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उस ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को निकाल कर देश स्तर तक पहुंचने के लिए उचित प्लेटफार्म की व्यवस्था करने की।

मैच के आयोजक व कमेंट्रेटर उपेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।उद्घाटन मैच सिलदाग और कुम्मी खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें सिलदाग की टीम विजयी हुई।

पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने अपने जन्म भूमि डाली के स्व. रौशन अंसारी और स्व. ठाकुर मनिया देवी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनके परिजनों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि यदि घर में अभिभावक के सिर से साया हट जाए तो उनके नाम से पौधरोपण करने से न सिर्फ उनकी यादें अमिट हो जाती है, बल्कि उन्हें उनका कई लाभ भी उससे मिलते रहता है।

इस अवसर पर मौके पर प्रमुख लोगों में क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष संदीप यादव, सचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष चंचल सिंह, पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, राजेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, दरोगा सिंह और डाली में स्व. रोशन अंसारी के भाई जमीर अंसारी, पुत्र नसरुद्दीन अंसारी, गोल्डन अंसारी, उप मुखिया अफजाल अंसारी, स्व. ठाकुर मनिया देवी के पुत्र बचेस यादव, राज्य किशोर यादव, मिथिलेश यादव, कमलेश यादव, प्रेम शंकर यादव, रवि शंकर यादव, जमुना यादव, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, नंदू विश्वकर्मा, वासुदेव यादव, जहरु अंसारी, करीमन अंसारी, सुरेश सिंह, मंटू सिंह, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जनसंख्या के आधार पर पिछड़ा वर्ग को अधिकार दे राज्य सरकार: ब्रह्मदेव प्रसाद

**ओबीसी समाज की बैठक में सरकार से सभी क्षेत्रों में आरक्षण देने की उठी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा दो नंबर टाउन में पिछड़ा वर्ग समाज की रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्रह्मदेव प्रसाद ने की। इसमें पिछड़ा वर्ग के विभिन्न जाति के लोग शामिल थे। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के बाद से लेकर आज तक पिछड़ी जातियों के लोगों के साथ केंद्र व राज्य सरकारों ने सिर्फ छलावा ही किया है। पिछड़ी जाति के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं रोजगार में महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया गया। जिस कारण इन जातियों का उत्थान नहीं हो पाया। विश्रामपुर विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आज हाशिये पर है। जनसंख्या के आधार पर पिछड़ी जाति के लोगों को भागीदारी नहीं मिल पा रही है। पिछड़ी जाति को हक व अधिकार के लिए जागृत होने की आवश्यकता है। इसे लेकर हम सभी को ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जन जागरूकता के साथ आंदोलन एवं सम्मेलन करने की जरूरत है। आज पिछड़ा समाज को गोलबंद होकर अपने हक के लिए सड़क पर उतरने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज को एकजुट एवं एक मंच पर लाने के लिए 16 जनवरी को जन जागरूकता के लिए रथ निकाली जायेगी। वहीं फरवरी महीने में एक बड़े सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग में छोटी-छोटी कई जातियां समाहित हैं। जिनकी सुध आज तक किसी भी सरकार ने नहीं ली है। हमसभी मिलकर वैसे विलुप्त पिछड़ी जाति के लोगों को जागृत करेंगें। आनेवाले समय में हमसभी मिलकर इसका माकूल जवाब देने के लिए तैयार रहें। वहीं, युगल पाल ने कहा कि सरकार की दोहरी नीति के कारण पिछड़ी जातियां छली गई है। जो अब कोई भी नेता या पदाधिकारी नहीं छल सकता है। अशर्फी चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य व देश को चलाने वाले छोटे से लेकर बड़े व्यवसायी पिछड़ी जाति के ही हैं। इसके बावजूद भी हमारा उत्थान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। विनोद कुमार ने कहा कि सरकार को चलाने वाले पिछड़ी जापति के लोग हैं जो सबसे ज्यादा जीएसटी टैक्स भी भरते हैं। इसके परिणाम में सरकार या सरकारी अधिकारियों द्वारा हमें कई प्रकार की यातनाएं दी जाती है। मौके पर राजनारायण सिंह पटेल, प्रमोद सोनी, गोपाल प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, बृज नंदन मेहता, उज्जवल पटेल, राजकुमार गुप्ता, आनंद विश्वकर्मा, अशोक पाल, वीरेंद्र चंद्रवंशी, रवि पाल, धनंजय सोनी, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, अशोक प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, मंगल गुप्ता, ज्वाला प्रसाद, मंत्री प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू, शमीम अंसारी, रंजन प्रसाद, चंद्रधन महतो, वकील विनय पाल, धर्मेंद्रपाल, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, नंदू विश्वकर्मा, शिव कुमार चौधरी, पंकज गुप्ता, राहुल ठाकुर, जनकधारी मेहता सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय वर्मा ने किया।

# वर्तमान में खेल में भी बेहतर कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर : एसडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप 2023 की विजेता पतरिया की टीम बनी। फाइनल मुकाबले में पतरिया की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में बभंडी को 3-0 से हराकर कप पर कब्जा जमाया। मैच की समाप्ति के बाद विजेता एवं उपविजेता टीम के बीच पुरस्कार एवं ट्राफी का वितरण मुख्य अतिथि छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, भाजपा नेता जवाहर पासवान, ओवरा के पूर्व विधायक सोमप्रकाश यादव, क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा एवं राम प्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हीरा कुमार ने कहा कि वर्तमान दौर में खेल में भी बेहतर कैरियर बनाने का अवसर है ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस तरह के आयोजन से प्रतिभा निखरती है। आयोजन समिति के संरक्षक कर्नल डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ी प्रतिभागी करें और हुसैनाबाद का बच्चा भी देश के लिए खेले और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इसलिए हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। फाइनल मैच में निर्णायक के रूप में धीरेंद्र कुमार बैठा, नेहाल मिर्जा, सुदय सिंह, लालकेश्वर पासवान, कविन्दर पासवान, सगीर अहमद व विनय सिंह ने अहम योगदान दिया। इस मौके पर हुसैनाबाद पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, समाजसेवी भुवनेशर प्रसाद सिंह, क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, भाजपा नेता मोनु सिंह, लालबहादुर सिंह, मुखिया ओमप्रकाश कुमार, नरेंद्र ठाकुर, विकास सिंह आदि थे।

# कुम्हार समाज को एकजुट रहने की जरूरत : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** दक्ष प्रजापति जनकल्याण समूह की ओर से पांकी के गौरीदह में वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुखअय अतिथि के रूप में शामिल माटीकला बोर्ड सदस्य अविनाश देव ने कहा कि जन्म से लेकर जीवनपर्यंत मिट्टी के बर्तनों की आवश्यकता है। भगवान राम और कृष्ण के अंश की कल्पना भी मिट्टी के बर्तनों से है। माता सीता का जन्म भी मिट्टी के घड़े से हुआ था। हड़प्पा मोहनजोदड़ो से लेकर सभ्यता के हर परिस्थितियों को हम कुम्हारों के मौजूदगी से देखते हैं। विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिट्टी के घड़े और बर्तनों की मौजूदगी हमें कुम्हार के अनादि काल से होने की बातें बताती है। अविनाश देव ने कहा कि कुम्हार समाज आज भी कुरीतियों के जाल में जकड़ा हुआ है। आपसी द्वेष व ईर्ष्या से उपर उठिये। एक दूसरे के सुख-दुख में भी भागीदार बनें। धीरे-धीरे हमें इस मकड़जाल से निकलना है। समाज की महिलाओं और घर के छोटे बच्चों को पढ़ाने की जरूरत है। बिना पढ़ाई के यह संसार अधूरा है। पूरे कुम्हार समाज को एकजुटता बनाते रखने की जरूरत है। राजनीति में भी समाज को भागीदार बनने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन प्रमेन्द्र प्रजापति ने किया। मौके पर सुनैना देवी, जटाधारी प्रजापति, प्रदीप नारायण, ललन प्रजापति, कमलेश प्रजापति, उदय प्रजापति, रवि प्रजापति, नथुनी प्रजापति, आनंद प्रजापति आदि मौजूद थे।

# दो धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बेलौदर और अररुआ पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन रविवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह व जिला पार्षद सदस्य मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अजीत सिंह और मंजू देवी ने कहा कि धान क्रय केंद्र के खुलने से किसानों को धान बेचने में सहूलियत होगी। सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2300 रुपये निर्धारित जो किया हुआ है, उन्हें बोनस के साथ दिया जाएगा। इस मौके पर क्रय पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, सच्चिदानंद राम, पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,अभय सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी राजेश राम, उमेश साव, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, उदय सिंह, उपेंद्र सिंह, बुधन सिंह यादव, कृष्ण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मनोज गुप्ता, अरविंद पासवान,रामजी पासवान आदि थे।

# नवीन प्रखंड अध्यक्ष व महिला बिंग की प्रखंड अध्यक्ष बनीं अभिलाषा

**पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन को मजबूत करने के लिए झारोटेफ का हुआ पुनर्गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज त्के सीता प्लस-2 उच्च विद्यालय में रविवार को झारखंड अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी संघ के पुनर्गठन को लेकर पेंशन संरक्षण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष लाल बिहारी यादव और विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला ने कहा कि पुराने पेंशन बहाली के आंदोलन को झारखंड में मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से संघ का पुनर्गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारोटेफ में रह कर ही सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लड़ाई लड़ सकते हैं। वहीं अन्य वक्ताओं ने संगठन पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता प्लस टू के प्रभारी सह संरक्षक अजय प्रसाद राय और मंच का संचालन संघ के प्रवक्ता ओरेंद्र यादव ने किया। वहीं, सभी की सहमति से झारोटेफ का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला संयुक्त सचिव राजेश कुमार को बनाया गया। जबकि नविन कुमार को प्रखण्ड अध्यक्ष और महिला बिंग की प्रखण्ड अध्यक्ष अभिलाषा कुमारी को बनाया गया है।इसके अलावा पुनर्गठन के बाद कमेटी में सचिव विनय कुमार, किरण कुमारी, कोषाध्यक्ष संजीत कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अनुपमा कुमारी, ओम कुमार, प्रभाकर राय, ब्रजेश कुमार, संयुक्त सचिव करूणानिधि, सलमा लकड़ा, ममता कुमारी, हरिनारायण सिंह, राजकुमार रविदास, अंकेक्षक दिलीप कुमार, प्रवक्ता डॉ ओरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी प्रणव कुमार और कार्यकरणी सदस्य में रजनीश सिंह, रिंकू चौधरी, बबलू कुमार, श्यामदेव चौधरी, अनुपमा कुमारी, सविता कुमारी, विनय कुमार रवि, प्रदीप कुशवाहा आदि शामिल हैं। इस मौके पर संगठन सचिव अजय कुमार,जिला संरक्षक राकेश कुमार यादव, जिला अध्यक्ष मनोज मेहता, विनय कुमार,राम उपेन्द्र पांडे, डॉ पुष्पलता,पूजा सिन्हा, गीतांजलि, हरिद्वार प्रसाद, दीपक कुमार, अभिशेख राज सहित कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्राफी 2023-24 में झारखंड के खिलाफ नाबाद 243 रनों की पारी खेली। इसके लिए पुजारा ने 356 गेंदों का सामना किया और 30 चौके लगाए। यह फर्स्ट क्लास करियर में पुजारा का 8वां दोहरा शतक है।

फर्स्ट-क्लास में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर

# पुजारा ने झारखंड के खिलाफ ठोके नाबाद 243 रन

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 में झारखंड के खिलाफ नाबाद 243 रनों की पारी खेली। पुजारा ने अपनी पारी में 356 गेंदों का सामना किया और 30 चौके लगाए। 35 साल के पुजारा ने सौराष्ट्र से खेलते हुए फर्स्ट क्लास करियर का 17वां दोहरा शतक जमाया। यह पुजारा का 8वां दोहरा शतक है। वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। दुनिया भर के बल्लेबाजों की सूची में पुजारा छठे नंबर पर हैं।

### सर डॉन ब्रैडमैन के नाम हैं 37 डबल सेंचुरी

पुजारा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सर्वाधिक दोहरा शतक लगाने के मामले दो अन्य खिलाड़ियों से चौथे स्थान पर हैं। उनका फर्स्ट क्लास करियर का यह 17वां दोहरा शतक रहा। पुजारा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सर्वाधिक दोहरा शतक लगाने के मामले में इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश के साथ संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर हैं। जबकि सर डोनाल्ड ब्रैडमैन 37 दोहरे शतकों के साथ इस मामले में टॉप पर हैं। उनके बाद इंग्लैंड के वैली हैमंड हैं, जिन्होंने 36 दोहरे शतक लगाए थे। इलियास हेनरी हेंड्रेन 22 डबल सेंचुरी के साथ इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।

**इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से**

टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ इसी महीने 25 जनवरी से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पुजारा ने घरेलू टूनार्मेंट यानी रणजी ट्रॉफी में नाबाद 243 रन की पारी खेलकर अपनी दावेदारी पेश की है। अभी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित नहीं हुई है। ऐसे में पुजारा की झारखंड के खिलाफ यह पारी चयनकताओं की नजर खिंचेगी।

### लक्ष्मण से आगे निकले पुजारा

पुजारा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में पुजारा चौथे नंबर पर हैं। पुजारा ने वीवीएस लक्ष्मध को पीछे छोड़ दिया है। लक्ष्मण ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 19730 रन बनाए थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सुनील गावस्कर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। सुनील गावस्कर ने 348 फर्स्ट क्लास मैचों में 51.46 की औसत से 25834 रन बनाए, जिसमें 81 शतक और 105 अर्धशतक शामिल रहे। सचिन ने 310 फर्स्ट क्लास मैच खेलकर 57.84 की औसत से 25396 रन बनाए। सचिन के नाम पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 81 शतक और 116 अर्धशतक दर्ज हैं। राहुल द्रविड़ 23794 रनों के साथ इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं।

### सौराष्ट्र की पारी 578/4 पर घोषित

पुजारा की इस पारी की बदौलत सौराष्ट ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी 578/4 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। इससे पहले झारखंड ने पहली पारी में 142 रन बनाए थे। इस तरह सौराष्ट्र को रविवार को तीसरे दिन 436 रनों की बढ़त मिल गई है। गौरतलब हो कि पुजारा पिछले साल जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने उस मैच में पहली पारी में 14 रन और दूसरी पारी में 27 रन बनाए थे। पुजारा का टेस्ट करियर काफी शानदार रहा है. 35 वर्षीय पुजारा अब तक 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बना चुके हैं।

# सूर्या-पांड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**गायकवाड भी नहीं खेलेंगे : 11 जनवरी को मोहाली में पहला मुकाबला**

एजेंसी




**मुंबई।** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी बाइलेटरल सीरीज खेलने जा रही भारतीय टीम के तीन बड़े खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के खेलने में असमंजस है। इन दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच के बाद से कोई टी-20 नहीं खेला है। बतातें चलें कि अफगानिस्तान बोर्ड ने इस सीरीज के लिए शनिवार को ही अपनी टीम का ऐलान किया था। बोर्ड ने 3 टी-20 की सीरीज के लिए 19 प्लेयर्स चुने हैं। टीम की कमान ओपनर इब्राहिम जादरान को सौंपी गई है। जबकि राशिद खान और मुजीब उर रहमान की वापसी हुई है।

**टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत की आखिरी टी-20 सीरीज**

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत 3 ही टी-20 मैच खेलेगा। तीनों मुकाबले अफगानिस्तान से होंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर आइपीएल शुरू हो जाएगा। आइपीएल के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की संभावना है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। इसका शेड्यूल आइसीसी ने शुक्रवार को ही जारी किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

**हड़कंप :** धनबाद मंडल के विभिन्न खंड में चला मजिस्ट्रेट जांच अभियान

# पकड़े गये 2454 यात्री, 10.32 लाख का वसूला गया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मंडल में रविवार को धनबाद से कोडरमा खंड के बीच विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। जिसकी अगुवाई मजिस्ट्रेट ने की। इस दौरान विभिन्न खंडों धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट जांच की गयी। मजिस्ट्रेट टिकट जांच के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टिकट जांच सहित सीटीआई, सीआईटी, टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। विभिन्न खण्डों में की गई जांच में 185 टिकट जांच कर्मियों एवं आरपीएफ के जवानों को लगाया गया था। इस दौरान कुल 300 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे एक लाख 26 हजार 920 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही विभिन्न खंडों में की गई जांच के दौरान कुल 2454 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 10 लाख 32 हजार 400 रुपये जुर्माना वसूला गया। लगे हाथ कई यात्रियों को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट जांच चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है।





धनबाद मंडल के विभिन्न खंडों में मजिस्ट्रेट की अगुवाई में चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान।

# खान सुरक्षा महानिदेशालय ने मनाया 123वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही ब्यूरो

**धनबाद।** खान सुरक्षा महानिदेशालय में 123वां स्थापना दिवस मनाय गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने कोल इंडिया द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही कोल खानों में नियमों एवं कोयले की गुणवत्ता व प्रोडक्शन की जानकारी दी। उन्होंने आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देते हुए कोयला खनन में तेजी से पढ़ते उत्पादन कि बातें कही। विस्थापन मुद्दे पर विस्थापितों को स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर उनके लिए रोजगार मुहैया कराने एवं क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन बच्चों को जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरक्षा महानिदेश प्रभात कुमार खान ने मोमेंटो देकर पीएम प्रसाद को सम्मानित किया। साथ ही पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए डीसी लाइन में बढ़ रहे खतरे की तरफ भी इशारा किया। डीसी लाइन में चल रही जितनी भी ट्रेनें हैं उन्हें हाई रिस्क जोन बताया। उसके उपाय को लेकर कहा कि जिन जगहों पर आग लगी है उन्हें निकाल कर उसमें बालू भरना है। तभी वह क्षेत्र सुरक्षित हो पाएगा। इनके अलावे उज्जवल, खान सुरक्षा उप महानिदेशक, जेपी आर्या, डीबी नायक, अजय सिंह भी उपस्थित दिखे। सभी ने बारी-बारी से डीजीएमएस की उपलब्धियों को अपने नजरिए से गिनवाया और भविष्य की चुनौतियों और आगे की राह पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सैफुल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर श्याम मिश्रा, परमानंद कुमार सिंह, राजेश कुमार प्रसाद और रिजवान अहसन आदि मौजूद थे।




# गिरिडीह के पूर्व सांसद ने किया अयोध्या से आये अक्षत और आमंत्रण का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** गिरिडिह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा सांसद रविंद्र पांडेय ने रविवार को राम भक्तो के साथ मिलकर कतरास मोड़ व जीएनएम रोड सहित अन्य जगहों पर घूम-घूम कर अयोध्या के राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए अक्षत एवं आमंत्रण का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 500 सालों के कालखंड के बाद आज हमारे जीवन में यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हम राम जन्मभूमि पर मंदिर के भव्य स्वरूप को देख पा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम आगमन पर पूरा विश्व दीपावली मनाएगा। आप सभी लोगों से अपील है कि उस दिन अपने-अपने घरों में पांच-पांच दीपक जलाकर भगवान श्रीराम के आगमन का स्वागत करें। इस मौके पर बजरंग दल ज़िला सह संयोजक तापस कुमार दे, विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आनंद खंडेलवाल, सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन चक्रवर्ती, भाजपा के पंकज सिन्हा, विष्णु गुप्ता, कार्तिक मोदक संघ से महेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



# कोल इंडिया के चेयरमैन के साथ अन्य वरीय अधिकारियों ने श्रीरामराज मंदिर में की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद सहित सीएमडी समीरण दत्ता, डीपी कृष्ण रमैया, डीटी संजय सिंह के साथ ही सभी महाप्रबंधक ने रविवार को बाघमारा के चिटाही स्थित श्री रामराज मंदिर पहुंच कर पंडितों के सान्निध्य में गर्भ गृह में विधि विधान के साथ भगवान श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा अर्चन की। इसके बाद बाघमारा विधायक ढउल्लू महतो ने चेयरमैन को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए श्रीश्री रामराज मंदिर का मोमेंटो भेंट किया और शॉल ओढाकर सम्मान दिया। इस दौरान बीसीसीएल के सभी ट्रेड यूनियन के नेताओं व अधिकारियों सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विश्वकर्मा समाज का वार्षिक वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** विश्वकर्मा समाज के तत्वधान में वार्षिक वन भोज एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए और इस पिकनिक का आनंद लिए। रविवार को इस समारोह में समाज की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें समाज के बच्चों ने भाग लिया। इसके बाद विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिटी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एसके शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के लोग एक-दूसरे से मिले और परिचय प्राप्त किया। वहीं, समाज के पदाधिकारी ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। वक्ताओं ने कहा कि हमारा समाज अब उस स्थान पर पहुंच गया है जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। इस समाज के कार्यक्रम में हमारे जिन लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें बृहस्पति शर्मा, लालबाबू शर्मा, श्रीराम सागर प्रसाद, नुन्नूलाल विश्वकर्मा, चंदन कुमार, कैलाश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रामनाथ शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, रामानंद शर्मा, सियालाल शर्मा, आशुतोष कुमार, संजय शर्मा, प्रवीण कुमार, रतनलाल विश्वकर्मा, अरुण कुमार शर्मा, लालबाबू शर्मा आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का मिलन समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जिला इकाई का एकदिवसीय मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन रविवार को कतरास लिलौरी मंदिर प्रांगण में हुई। जिलाध्यक्ष संजय कुमार तर्वे ने कहा कि संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने की जरूरत है। जिला सचिव संजीव कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारे मुख्य मांगे केंद्र सरकार के पास लंबे समय से लंबित है। सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। हमारी मांगों पर अगर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को बाध्य होगें। मौके पर विजय कुमार सिंह, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, दीपक कुमार, मनोज ओझा, रमेश मंडल, महिला अभिकर्ता सरोज सिंह, रजनी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, मनीषा चटर्जी, मीरा देवी, सुनीता देवी, विनीता अवस्थी, इंदु चौहान, सोनी कुमारी गुप्ता, मानू कौर, मानूषी ओझा और सुनीता केसरी उपस्थित थी।

# पुलिस और सीआइएसएफ की छापामारी, 60 टन अवैध कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विक्ट्री कोलियरी छट तालाब के समीप झरिया व धनसार थाना पुलिस ने सीआइएसएफ के सहयोग से रविवार को सयुक्त रूप से छापामारी कर करीब 60 टन अवैध कोयला जब्त किया। पुलिस को सूचना मिली थी की तालाब के समीप अवैध कोयला गैरकानूनी तरीके से जमा कर रखा गया हैं। कोयला जब्ती के लिए पुलिस ने बीसीसीएल के बस्ताकोला प्रबंधन से पे लोडर व डंफर लेकर पहुंच गई। हालांकि पुलिस को देखते ही कोयला चोर वहां से भाग खड़े हुए। छापामारी का नेतित्व झरिया थाना इंस्पेक्टर संतोष सिंह व धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने किया। जब्त कोयला को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है। वहीं, कई जगह नाली व कीचड़ के बीच भारी वाहन नहीं जा सकने के कारन कोयला जब्त नहीं किया जा सका। छापामारी में बीसीसीएल कीओर से हाजरी लिपिक एस तिवारी। वहीं, झरिया थाना इंस्पेक्टर संतोष सिंह का कहना था कि क्षेत्र मे कोयला का अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जायेगा।



# मेला घूमने आयी युवती से छेड़खानी, थाने में लिखित शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** गोमिया प्रखंड स्थिति नैना टांड निवासी संजू सिंह ने तेनुघाट ओपी में लिखित आवेदन देते हुए बताया कि दो जनवरी को वह अपने पुरे परिवार के साथ तेनुघाट डैम पर शाम के समय मेला घूमने आई थी। इसके बाद जब वे लोग वापस घर लौट रहे थे तभी घरवाटांड के कुछ मंचले लड़को ने उनकी भतीजी के साथ छेड़खानी व अभद्र व्यवहार किया। जब उनके भतीजे और भगिना ने इसका विरोध किया तो 20 से 25 लड़को ने उनपर हमला कर दिया। उन लोगों की बुरी तरह पिटाई की। मुझे जमीन पर पटक दिया। इस हमले में भतीजे और भगिना का सिर फट गया। जिसका इलाज तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल में करवाकर रविवार को तेनुघाट ओपी में आवेदन देकर देने पहुंचे हैं। उन्होंने दोषियों पर उचित कर्रवाई की मांग की। उधर, तेनुघाट थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान जारी है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जारंगडीह रेलवे लाइन पर मिला वृद्ध का शव

**जारंगडीह (आजाद सिपाही)।** गोमो-बरकाकाना रेल खंड पर रविवार अहले सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। इस घटना की सूचना मिलते ही ठिठुरती ठंड के बावजूद वहां सैकड़ों लोग जुट गए। खबर पाकर गोमिया जीआरपी भी पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जारंगडीह रेलवे क्रोसिंग से कुछ आगे पोल संख्या 3731 और 3729 के बीच सुबह प्रातः भ्रमण को निकले एक व्यक्ति की नजर रेलवे लाइन के किनारे पड़े क्षत विक्षत शव पर पड़ी। देखते ही देखते यह बात जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और कुछ ही समय में वहां सैकड़ों लोग जमा हो गए। लाख कोशिशों के बाद भी जब शव की पहचान नहीं हो सकी, तो मौके पर पहुंच गोमिया जीआरपी के साधु सुंडी, संजय मिश्रा और रामेश्वर राम शव को कब्जे में लेकर अपने साथ गोमिया जीआरपी थाने ले गए। आशंका जताई जा रही है कि शनिवार की देर रात उक्त लाइन से गुजरने वाली किसी मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई होगी। पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।

# प्रभु श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव मनाने का लिया निर्णय

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। अयोध्या धाम स्थित श्री राम जन्मभूमि में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पिछरी पंचायत स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर रविवार को एक बैठक भी की गई। जिसमें शामिल लोगों ने विचार-विमर्श किया कि भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सुबह 11 से दोपहर 1 तक सुंदर कांड किया जाएगा। दोपहर में भव्य शोभा यात्रा व संध्याकाल में दीपोत्सव और आरती की जाएगी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया छात्रधारी मिश्रा, नकुल मिश्रा, पवन पाठक, दीपक मिश्रा, चंद्रदेव मिश्रा, मुकेश मिश्रा, गणेश मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, पंकज मिश्रा, तपन मिश्रा, धीरज मिश्रा, चीकू मिश्रा आदि थे।

# सीसीएल गोविंदपुर परियोजना में हाजरी बनाने की मांग को लेकर कामगारों ने किया प्रदर्शन

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना में कार्यरत कामगारों ने हाजरी बनाने की मांग को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। हालांकि सीसीएल प्रबंधन के आश्वासन के बाद मजदूरों ने प्रदर्शन समाप्त भी कर दिया। प्रदर्शन के दौरान मजदूर नेता अंजनी त्रिपाठी आदि ने कहा कि परियोजना में कार्य करने वाले ऑपरेटर नहीं है। जिस कारण हाजरी बाबू कार्य में उपस्थित अन्य कामगारों के भी हाजरी नहीं बनाये। सीसीएल प्रबंधक का कहना है कि कोई भी मजदूरों की हाजरी नहीं बनेगा। जबतक ऑपरेटर डियूटी में नहीं आयेगा। इसी सवाल को लेकर रविवार को प्रथम पाली में आए सीसीएल कामगारों ने कार्यस्थल पर प्रदर्शन कर जमकर विरोध किया।

# कतरास में धूमधाम से मनाया गया ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** राजस्थानी समाज भवन धर्मशाला में रविवार को श्रीश्री अनुकुलचंद्र ठाकुर का 136वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नदी किनारे सूर्य मंदिर से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राजस्थानी धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा में दर्जनों महिला पुरुष एवं बच्चे भजन कीर्तन करते, नाचते-गाते चल रहे थे। मौके पर केपी दत्ता, अधीर सरकार, सोमेन सेनगुप्ता, मधु दा, नाथू प्रमाणिक, सुनील दत्ता, पार्थ घोष, मेवालाल, मलय चंद्र, नारायण दास, विशु बोस, निमाई भट्टाचार्या, जयिता राय, रूबी केसरी, लक्ष्मी दास, सुदेशना दास, लक्ष्मी चंद्र, शुभ्रा चंद्र, सौमिता चंद्र शुक्ला मित्र रूबी, पिंकी सिंह, पायल, पूर्णिमा, कोकिला आदि उपस्थित थी।

बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल में क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन

# स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मस्तिष्क का वास : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** बीआरएल डीएवी स्कूल में सीबीएसई नई दिल्ली के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन हाउस शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य आरके सिंह एवं सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन (सीओई सीबीएसई- पटना) मनोज कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि उक्त कार्यशाला का आयोजन शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए किया जाता रहा है। जिसके माध्यम से विद्यालय के सभी शिक्षक अपनी-अपनी कक्षाओं में बच्चों के बौद्धिक, मानसिक, संवेगात्मक विकास आदि पर विशेष बल देंगे। वे अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा करेंगे। टीचिंग-लर्निंग की प्रक्रिया के उद्देश्य शेयर एंड केयर को एक्टिविटी वेस्ड बनाकर बच्चों को सिखाएंगे। साथ ही खुद को समय के अनुसार ढालेंगें। वहीं, रिसोर्स पर्सन ने कहा कि आज के समय में विद्यालय में स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रबंधन (स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस) विषय पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने विचारों को शिक्षकों से साझा करते हुए कहा कि अपने-अपने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों का प्रबंधन और मूल्यांकन करना अति आवश्यक है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर विशेष रूप से जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप खुद भी स्वस्थ रहें और अपने बच्चों को भी स्वस्थ रखें, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




अतिथि का स्वागत करते गणमान्य लोग।

# रेल मंत्री ने आधी रात को जनता की समस्याओं का समाधान किया

## रेलवे के अधिकारियों ने दौरा कर तत्काल कदम उठाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 6 जनवरी की मध्यरात्रि को कटक जिले के आठगड़ प्रखंड के गोबरा ग्राम पंचायत के निवासियों से गुरूडीझाटीया लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर सीटी-19 के ऊपर नीचे मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास हाल ही में जल निकासी के मुद्दों के बारे में शिकायतें मिलीं। स्थानीय लोगों के साथ शिकायतों पर चर्चा करते हुए श्री वैष्णव ने उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया और रेलवे अधिकारियों को इस पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

रेल मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक खुर्दा रोड की अध्यक्षता में खुर्दा रोड मंडल की एक मंडल स्तरीय टीम ने रविवार को सुबह उस स्थान का दौरा किया और गोबरा ग्राम पंचायत के निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल कदम उठाये गये हैं। जल निकासी की समस्या का समाधान किया गया।

# चोर को पकड़ने के लिए पुलिस ने पोस्टर लगाया




- सूचना देने वाले को 10 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राजधानी के चोर को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। कमिश्नरेट पुलिस ने बड़े लुटेरों, चोरों और मोस्ट वांटेड को पकड़ने के लिए राजधानी भुवनेश्वर के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाये हैं। लंबे समय से फेरार रहे लुटेरों और चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने ऐसा तरीका अपनाया है। इसके लिए पुलिस आम लोगों का भी सहयोग मांग रही है।

सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की सूची तैयार कर उनकी फोटो के साथ पोस्टर लगायें। पिछले कुछ दिनों में राजधानी के विभिन्न अपार्टमेंटों से सिरिज डकैतियां हुईं, लेकिन इस घटना में पुलिस लुटेरे को नहीं पकड़ पायी। इसलिए अब पुलिस इस फैरार लुटेरों और चोरों को पकड़ने के लिए आम लोगों की मदद ले रही है। इस आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले का नाम गुपनिय रखा जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर सूचना के आधार पर आरोपियों पकड़ा जाता है, तो पुलिस उक्त व्यक्ति को 10 हजार रुपये का इनाम देगी। इसलिए आने वाले दिनों में विभिन्न लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले लुटेरों को पकड़ने में पुलिस को खास दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# ट्रांसफार्मर का लक्ष्मण सिंह ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर पिछले दो तीन माह से खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने बरजो गांव स्थित हमारे कार्यालय में आकर दिया। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने अधिकारी से 25 केवी के जगह 63 केवी लगाने के लिए कहा था। इसके बाद दो दिनों में गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही।

भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण को किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बतायें। वे समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे, लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पुरे देश में सभी गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया है।

# केनरा बैंक ने पानी कूलर प्रदान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अपनी सीएसआर पहल के एक हिस्से के रूप में, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने पुरी में नरेंद्र पोखरी से सटे बाबा बालकपिलेस्वर के प्रसिद्ध मंदिर में आने वाले लाखों भक्तों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए एक पानी कूलर प्रदान करके मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पैर धोने का भी प्रावधान किया गया। जगदीश चंदर, महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख ने इसे भक्तों के लाभ के लिए मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया।

### मालकानगिरि हवाईअड्डे का परीक्षण

# वीटी-100 उड़ान की सफल लैंडिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मालकानगिरी हवाई अड्डे पर उड़ान परीक्षण सफल रहा। रविवार को विमान पहली बार फ्लाइट वीटी- 100 सफलता पूर्वक मालकानगिरी हवाई अड्डे पर लैंडिंग की। लैंडिंग के बाद विमान के पायलट ने रनवे समेत पूरे एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट की तैयारियों की सराहना की। 9 तारीख को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और 5-टी अध्यक्ष वीके पांडियन विमान से पहुंचेंगे और इसका उद्घाटन करेंगे। यह हवाई अड्डा 106 हेक्टेयर भूमि पर बना है। इसका रनवे 1620 मीटर है। रविवार को ट्रायल रन के दौरान प्रशासनिक अधिकारी ने विमान का स्वागत किया। एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर मालकानगिरी के लोग बहुत उत्साहित हैं।

### कादंबिनी साहित्य महोत्सव और पत्रिका हाट

# लेखिका मृदुला गर्ग नीलिमारानी साहित्य सम्मान से हुई सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को कादंबिनी साहित्य महोत्सव और पत्रिका हाट के दौरान प्रसिद्ध लेखिका मृदुला गर्ग को नीलिमाराणी साहित्य सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया, जबकि भारत के राष्ट्रपति के अतिरिक्त प्रेस सचिव लेखक बिजय कुमार नायक को कादंबिनी साहित्य सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

प्रो बैष्णव चरण सामल, राधाबिनोद नायक, सुकामिनी नंद, तुलसी ओझा और प्रो नारायण साहू जैसे प्रसिद्ध लेखकों को इस कार्यक्रम में कादम्बिनी साहित्य संवर्धन 2024 प्रदान किया गया। प्रसिद्ध पल्ला गायिका प्रज्ञा राउत को भी कादंबिनी संवर्धन पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो शांतनु कुमार आचार्य ने साहित्यिक चर्चाओं को समृद्ध करने के लिए विशिष्ट विषयों के इर्द-गिर्द संरचित प्रवचन की वकालत करते हुए वार्षिक कादंबिनी साहित्य महोत्सव की थीम का विचार प्रस्तावित किया।

कादंबिनी के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने सम्मानित वक्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

डॉ इतिरानी सामंत संपादक कादंबिनी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा और डॉ ए सामंत ने ओड़िशा भर में छोटे प्रकाशनों की आवाज को बढ़ाने में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए पत्रिका हाट द्वारा पेश किये गये अनूठे मंच पर जोर दिया।

उत्सव का मुख्य आकर्षण कादंबिनी और बच्चों की पत्रिका, कुनीकथा के जनवरी अंक का अनावरण था। कवर पेज मॉडलों ने इस अवसर की शोभा बढ़ायी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**